www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें

वर्ष : 60, अंक : 125
रांची, गुरुवार
09 मई 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत, 2081

सच का पैरोकार

# सूत्रकार



DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित

माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

# ईडी ने झारखंड सचिवालय में मंत्री के पीएस का चैंबर खंगाला, लाखों रुपए बरामद

रांची, सूत्रकार

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी ओएसडी संजीव लाल के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये जब्त करने के बाद ईडी की टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार दोपहर करीब सवा दो बजे ईडी की टीम प्रोजेक्ट भवन पहुंची। जहां मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल के प्रोजेक्ट भवन स्थित सरकारी चैम्बर की तलाशी ली और कुछ लोगों से पूछताछ की और चार घंटे बाद करीब सवा 6 बजे ईडी की टीम निकल गई।

ईडी की टीम ने मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल के दफ्तर के कागजात को खंगाला। इस दौरान कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। बंद कमरे में पूछताछ हुई। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गए। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संजीव लाल के प्रोजेक्ट



भवन स्थित दफ्तर के ड्रावर से करीब 2 लाख कैश मिला है। बहुत सारे कागजात भी ईडी की टीम ने जब्त किए हैं। तलाशी के दौरान ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे।

बता दें कि इसके पहले सोमवार और मंगलवार को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसमें से जहांगीर आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक कांट्रैक्टर राजीव सिंह के फ्लैट से डेढ़ करोड़ रुपए मिले।

ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया था, उसमें कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों तक जाता है।

यह तय माना जा रहा है कि कई अन्य अफसर और नेता इस मामले में ईडी के रडार पर आएंगे। मंत्री आलमगीर आलम को भी समन करने की तैयारी चल रही है।

सचिवालय में मंत्री के पीएस के चैंबर से लाखों रुपए की बरामदगी पर झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपई सोरेन को निशाने पर लिया है।

उन्होंने एक्स पर सीएम को टैग करते हुए लिखा कि सुना है ईडी की तलाशी में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के प्रोजेक्ट बिल्डिंग के ऑफिस चैंबर से भी लाखों रुपए मिला है। ठीक इसी के ऊपर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भी ऑफिस है। आंख खोलकर देखिये चंपई सोरेन जी आपकी नाक के नीचे कैसे ऑफिस में भी रिश्वत ली जा रही है और रखी जा रही है। संभलिये और तुरंत आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की कारवाई का आदेश दीजिये। विलंब कीजिएगा तो वो दिन दूर नहीं जब इन अपराधों का घड़ा आपके माथे भी फूटेगा।

# 10 साल में पीएम ने अपने एक भी वादे नहीं निभाए : तेजस्वी

## पलामू की प्रत्यशी ममता भुइयां को जिताने की अपील

पलामू, सूत्रकार

तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू के छतरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के ऊपर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 10 साल में पीएम ने अपने एक भी वादे नहीं निभाए। तेजस्वी ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में महंगाई, बेरोजगारी, पलायन और गरीबी बढ़ी है।

तेजस्वी ने पीएम को झूठ बोलने की फैक्टरी बताया। तेजस्वी यहां तक नहीं रूके उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का 2014 का पुराना भाषण लोगों के बीच सुनाया। इस भाषण में पीएम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर निशाना साधते हुए सुनाई दे रहे हैं जिसमें कि उन्होंने कहा है कि पीएम के मुंह से महंगाई का म नहीं निकलता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम के वादे सिर्फ चुनाव तक सीमित बताया।

### 15 लाख के मुद्दे पर निशाना साधा

तेजस्वी ने 15 लाख के मुद्दे पर पीएम को घेरते हुए कहा कि किसी के खाते में 15 लाख रुपये नहीं आए, पीएम ने ना नौकरी दी, ना



कालाधन आया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ देश की संपत्ती को बेची है। अब उनका अगला कदम संविधान को बदलना है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि बीजेपी का संविधान बदलने का सपना वो पूरा नहीं होने देंगे।

तेजस्वी यादव पलामू में इंडिया गठबंधन की आरजेडी प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में वोट मांगने आए थे। पलामू में 13 मई को मतदान होने वाले हैं। बीजेपी की तरफ से झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम को प्रत्याशी बनाया गया है।

### पीएम के पास अडानी अंबानी जैसे लोग : मुकेश

वहीं बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद फरोख्त में विश्वास रखते हैं। उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीदकर बिहार में सरकार में शामिल करा लिया। इस बार पिछड़ा और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे। मौके पर बिहार के कई नेताओं के अलावे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, संजर नवाज, भीआईपी के जिलाध्यक्ष केडी सिंह, राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार समय काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### छात्रा की आत्महत्या पर हाईकोर्ट के जस्टिस ने लिया संज्ञान



रांची, सूत्रकार

गैंगरेप से आहत 25 वर्षीय बीएयू (बिरसा कृषि विश्वविद्यालय) छात्रा की आत्महत्या पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। जिसके बाद पीएलवी (पारा लीगल वॉलेंटियर) सम्पा दास व प्रीति पाल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। रांची सिविल कोर्ट की ओर से प्रोबोनो अधिवक्ता ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है और डालसा झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गयी है।

### रांची से हजारीबाग की तरफ जा रही कार से 45.90 लाख रुपये बरामद

रांची, सूत्रकार

रांची से हजारीबाग की तरफ जा रही कार से 45.90 लाख रुपये बरामद हुआ है। बुधवार की शाम जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग के दौरान रुपये की बरामदगी हुई है। लोकसभा चुनाव को लेकर चेकपोस्ट बनाकर वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान रांची की तरफ से आ रही एक इनोवा कार को पुलिस ने रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 45.90 लाख रुपये बरामद हुये हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# मधु कोड़ा पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट, विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए किया आग्रह

### अगली सुनवाई 13 अगस्त 2024 को

रांची, सूत्रकार

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित करने का आग्रह किया है। मधु कोड़ा ने अपनी याचिका दायर कर कहा है कि वह पूर्व सांसद व पूर्व विधायक रहे हैं और पूर्व सीएम भी रहे हैं। नवंबर 2024 में झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उन्हें चुनाव लड़ना है। अगर उनकी सजा पर स्टे नहीं लगाया गया तो वह चुनाव लड़ने से वंचित रह जाएंगे।

बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने इस याचिका का विरोध किया और कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने ऐसी याचिका खारिज की है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई 13



अगस्त 2024 को रखी है। आपको बता दें कि 2017 में हाईकोर्ट ने मधु कोड़ा को भ्रष्टाचार के मामले में 3 साल की सजा सुनाई थी और पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। लेकिन साल 2018 में मधु कोड़ा को इस मामले में बेल दे दी गई थी और जुमार्ने पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जी देकर सजा माफ करने की मांग की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा का विवादित बयान

# द. भारतीयों को बताया अफ्रीकन, उत्तर भारतीयों को कहा- चीनी

### सैम पित्रोदा का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने पूर्वो राज्यों के लोगों की चीन और दक्षिण भारतीयों की तुलना अफ्रीका से की। कांग्रेस नेता ने द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि भारत के पूर्वोत्तर के लोग चीनी जैसे दिखते हैं और दक्षिण के लोग अफ्रीकी लोगों की तरह लगते हैं।

पित्रोदा ने कहा, 'हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को जोड़ कर रख सकते हैं - जहां पूर्वोतर के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम भारत में लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में लोग व्हाइट जैसे दिखते हैं और दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम सभी भाई-बहन हैं।

उन्होंने कहा, भारत दुनिया में लोकतंत्र का एक शानदार उदाहरण है। पित्रोदा ने कहा, 'हम



सभी विभिन्न भाषाओं, विभिन्न धर्मों, रीति-रिवाजों और फूड का सम्मान करते हैं। यह वह भारत है, जिसमें मैं विश्वास करता हूं, जहां हर किसी के लिए जगह है और हर कोई थोड़ा-बहुत समझौता करता है।'

सैम पित्रोदा ने आगे कहा कि देश के लोग 75 साल से बहुत खुशहाल माहौल में रह रहे हैं। अगर कुछ छोटे-मोटे झगड़े छोड़ दिए जाएं तो यहां लोग एक साथ रह सकते हैं। इस दौरान पित्रोदा ने विरोध करते हुए कहा कि आइडिया ऑफ इंडिया- जिसमें डेमोक्रेसी, लिबर्टी, फ्रेटरनिटी और फ्रीडम शामिल है, इसको अब 'राम नवमी', 'राम मंदिर' और पीएम नरेंद्र मोदी चुनौती दे रहे हैं।

इससे पहले आईओसी चेयरपर्सन ने पहले इन्हेरिटेंस टेक्स को लेकर टिप्पणी की है, जिससे विवाद खड़ा हो गया गया था। इसके चलते कांग्रेस ने उनके बयान से खुद को अलग कर लिया था।

### 'साहबजादे' के 'अंकल' भारतीयों का रंग देखकर दे रहे गाली : पीएम

हैदराबाद, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर जवाब दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दक्षिण भारतीयों को अफ्रीकन कहकर संबोधित कर रही है, यानि वह रंगभेद की नीति को मानती है। पीएम मोदी ने कहा कि अब हमें यह समझ आ रहा है कि कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का विरोध क्यों किया था, जब वह राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रही थीं।

तेलंगाना के वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को इस बात का जवाब देना पड़ेगा, आखिर उनके नेता ने भारतीयों को क्यों गाली दी, यह पूरे देश का अपमान है, और इसे हम किसी भी तरह से सहन नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका से शहजादे के फिलॉस्फर ने इस तरह का बयान जारी किया है, और मैं बता दूं कि मुझे इस बयान पर बहुत गुस्सा आ रहा है, देशवासियों को गाली देंगे, तो हम इसे कभी भी सहन नहीं करेंगे, हमलोग तो श्रीकृष्ण को मानते हैं।

# धनबाद में छात्र-छात्रा का रेता गला, छात्रा की मौत

### घायल छात्र की हालत नाजुक, पुलिस जुटी जांच में

धनबाद, सूत्रकार

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पोलडीह बस्ती के समीप बुधवार को एक चहारदीवारी के अंदर वहीं के रहने वाले इंटर की छात्रा निशा कुमारी महती और छात्र विशाल रजवार का गला रेत दिया गया जिससे छात्रा निशा की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि छात्र विशाल को गंभीर रूप से घायल अवस्था मे स्थानीय लोगों द्वारा उठाकर एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना दोपहर की बताई है रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी



हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती और बरवाअड्डा की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।

**यह है पूरा मामला :** घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि बुधवार को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पिलडीह निवासी इंटर छात्रा निशा कुमारी सुबह अपने विद्यालय यादवपुर प्लस टू स्कूल पढ़ने गयी थी। छुट्टी के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने निशा की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान लोग स्कूल के समीप नवनिर्मित हार्डकॉक भट्टे की चहारदीवारी की तरफ देखा तो निशा का शव पड़ा था जबकि विशाल घायल अवस्था मे जमीन पर पड़ा छटपटा रहा था। निशा के गले को धारदार हथियार से रेता गया है साथ ही शरीर के अन्य स्थानों पर भी चोट के गंभीर निशान है। वहीं चहारदीवारी के अंदर कई जगहों पर खून के थक्के मिले जिससे कयास लगाया जा रहा है कि घायल होने के बावजूद निशा और विशाल ने वहां से भागने की कोशिश की होगी। वहीं विशाल का भी गला रेता गया है। फिलहक वे अस्पताल में इलाजरत है। उसकी स्तिथि गंभीर बताई जा रही है। वहीं इस मामले में फिलहाल घायल विशाल को संदेह की नजर से देख रही है। इसके अलावे भी पुलिस कई बिन्दुओ पर जांच कर रही है। वहीं डीएसपी हेडक्वार्टर 1 ने पत्रकारों को बताया कि फिलहाल घायल विशाल के क्रियाकलाप संदेहास्पद है, पुलिस कस्टडी में उसका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। अनुसंधान के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी।

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, 14 मई तक रिमझिम बारिश

रांची, सूत्रकार

झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। शहर के नजारे भी बदल गए हैं। मौसम सुहाना हो गया है। 14 मई तक रिमझिम बारिश भी होगी। मौसम विभाग के अनुसार 14 मई तक आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है। इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। राज्य में अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है।

मौसम केंद्र के अनुसार 9 से 11 मई तक राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। राज्य में 12 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है।

मौसम केंद्र के अनुसार 9 और 10 मई को राज्य में कई



स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। राज्य में 11 और 12 मई को कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसी तरह 13 मई और 14 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना जतायी गयी है।

# मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही, यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी 'डगमगा रही है' और उन्होंने अपने ही 'मित्रों' पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ह्यवक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा। तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने



के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने अंबानी-अडाणी' मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव का रुख इतनी तेजी से बदल गया" है कि हम दो हमारे दो के पप्पा" अपने ही बच्चों पर हमलावर हो गए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यपराजय एक पूर्व निष्कर्ष है। प्रधानमंत्री अब अपनी छाया से भी घबरा गए हैं। रमेश ने उनकी परछाई के साथ मोदी की एक तस्वीर भी साझा की। रमेश ने कहा, जिस व्यक्ति ने अपनी पार्टी के लिए 8,200 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड एकत्र किए।

## वारंगल चुनावी रैली से पीएम मोदी का वार

# तीसरे चरण के बाद कांग्रेस नेता दूरबीन से सीट खोज रहे

वारंगल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। उन्होंने वारंगल में एक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस नेता दूरबीन से सीट खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस नेताओं को अपनी सीट खोजने के लिए सूक्ष्मदर्शी का इस्तेमाल करना होगा। प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि इस बार ह्यइंडिया' गठबंधन यह फॉमूर्ला लेकर आया है कि ह्यपांच साल-पांच प्रधानमंत्री'। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस या उनके सहयोगी दल जहां भी सत्ता में आए, वे राज्य उनके लिए ह्यएटीएम' बन गए।

वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं...चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।₹ पीएम मोदी ने कहा, आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है?



इसलिए देश कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस झूठ की कितनी बड़ी मास्टर है तेलंगाना से बेहतर कौन जानेगा। कांग्रेस ने अपनी सबसे बड़ी नेता के जन्मदिन से पहले किसानों का कर्ज.माफ करने का वादा किया था। इन्होंने झूठ बोला या नहीं? अब ये लोग 15 अगस्त तक अपने वादे टाल रहे हैं ताकि लोकसभा का चुनाव खत्म हो जाए फिर वे अपने हाथ ऊपर कर दें...क्या ये आपसे धोखा नहीं है? ये लोग सनातन को गाली देने वाले लोग हैं।

मोदी ने कहा, बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आई तो दलित मुख्यमंत्री बनाएंगी। इफ्र ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा। यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

न्यूज फ्लैश

## पानी की मांग को लेकर केशलपुर श्रमिक कॉलोनी के लोगों ने पम्प हाउस पर किया प्रदर्शन



**कतरास, सूत्रकार**

इस भीषण गर्मी में जलापूर्ति की समस्या से परेशान केशलपुर श्रमिक कॉलोनी के लोगों ने परेशान केसलपुर पम्प हाउस तथा हाजिरी घर के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया तथा स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बुधवार की सुबह केसलपुर श्रमिक कॉलोनी की दर्जनों महिला-पुरुषों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जलापूर्ति अविलंब चालू करने की मांग की। महिलाओ ने कहा कि बीते दस -पंद्रह दिनों से बीसीसीएल के श्रमिक आवासों में कंपनी द्वारा जल आपूर्ति नहीं की जा रही है जिससे लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए दर दर भटक रहे हैं। बावजूद प्रबंधन को लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। बीसीसीएल कर्मी ड्युटी पर आते है और केवल हाजिरी बनाकर इधर-उधर घूमते फिरते टाइम पार कर चले जाते है। लेकिन समय पर पानी की सप्लाई चालू नही करते है। लोगों ने कहा कि जल्द इस समस्या को दूर नहीं किया गया तो कॉलोनी वासी कोलियरी परिसर में धरना पर बैठ चक्का जाम करने को बाध्य होंगे। मौके पर सरिता देवी, बानी देवी, कृष्णा देवी, बीणा देवी, सुनीता देवी, सोखोदि हेम्ब्रम, लक्ष्मी देवी, नूनी देवी, शीला देवी, कमलेश कुमार, जीतू सिंह, मिथुन कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## डिगवाडीह कार्मेल स्कूल में एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में बुधवार को स्कूल सभागार में एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें तेरह विद्यालयों के छब्बीस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का डिमेलो, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला लकरा और और बी.आई.टी सिंदरी से आए टीम के सदस्य सैयद अदनान अहमद, शिवांगी कुमारी, युविका गुप्ता, आकिब आफताब के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता को छह राउंड में विभाजित किया गया। टीम लीडर सैयद अदनान अहमद ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही विद्यार्थी के लिए अहम होता है। उन्होंने टीमों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम स्थान डिनोबिली स्कूल सी.टी.पी.एस चंद्रपुरा, द्वितीय कार्मेल स्कूल डिगवाडीह, तृतीय डिनोबिली सीएमआरआई धनबाद रही प्रथम स्थान प्राप्त वाली टीम क्षेत्रीय स्तर पर चयनित हुए। मौके पर प्रतियोगिता संचालिका मोम चक्रवर्ती और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के साथ सभी सिस्टर और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## क्वार्टर में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना अंतर्गत भक्ति नगर स्थित एक क्वार्टर में चोरी करने घुसे चोर को रंगे हाथो पकड़ लिया गया। इस दौरान हाथापाई भी हुई पर चोर को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार क्वार्टर संख्या छ4/ 65 के रहने वाले हेमंत नाग किसी काम से बाजार गए हुए थे। इसी दौरान को आस पड़ोस के लोगों ने सूचना दी कि उसके घर में तीन चार युवक घुस आए हैं और ग्रिल को तोड़ के ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।

सूचना पर हेमंत अपने क्वार्टर पहुंचा तो पाया की विकास कुमार मुखिया नामक चोर अपने दो-तीन साथियों के साथ ग्रिल को तोड़ रहा है। इसके बाद उसने उन लोगों को पकड़ने का प्रयास किया जिसमें तीन लोग भाग गए और विकास कुमार को धर दबोचा। इस बीच हाथापाई शुरू हो गई जिसमे हेमंत नाग घायल हो गया। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

## सिंहभूम सीट एनडीए को जिताने, आजसू पार्टी हुआ सक्रिय

**चाईबासा, सूत्रकार**

सिंहभूम लोकसभा सीट एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को जीत दिलाने के लिए आजसू पार्टी अपने कमर कस लिया है। बुधवार को सिंहभूम संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चाईबासा विधानसभा के मतकमहातु, टूंगरी, गौशाला तांबो में आजसू केंद्रीय महासचिव सह सिंहभूम लोकसभा प्रभारी डॉ रीना गोडसोरा के नेतृत्व में गीता कोड़ा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बैठक में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और जनकल्याणकारी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। गोडसारा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में एनडीए की केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना अटल पेंशन, सड़क, बिजली और मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जो देश हित में है। पीएम मोदी के किए गए सराहनीय कार्य की चर्चा देश-विदेश में हो रहा है और इस बार भी जनता ने फिर से मोदी सरकार चुनने के लिए मन बना लिया। बैठक के दौरान आजसू के केंद्रीय सचिव डॉ अनंत कुमार महतो ने कहा कि एनडीए की सरकार सबका साथ सबका विकास के लिए कार्य कर रही है। सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए अनुभवी एवं कर्मठ, शिक्षित प्रत्याशी की आवश्यकता है जो हमारे क्षेत्र की समस्याओं को लोकसभा में जोरदार तरीके से उठा सके और सरकार सुन सके। इसके लिए प्रत्याशी गीता कोड़ा सबसे बेहतर विकल्प है। ग्रामीणों से अपील करता हूं कि कमल छाप के क्रम संख्या 1 पर मोहर लगाकर प्रत्याशी गीता कोड़ा भारी मतों से विजय बनाएं।

## गोल्ड माइंस खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पोटका, सूत्रकार**

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत कुंदरुकोचा का एकमात्र गोल्ड माइंस तीन सालों से बंद है। इधर क्षेत्र के ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता उदय सरदार, ग्राम प्रधान बुद्धेश्वर सरदार और पंचायत समिति सदस्य गोपी नाथ सरदार की अगुवाई में माइंस खोलने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। माइंस के संचालक मनमोहन मिनरल इंडस्ट्रियल प्राईवेट लिमिटेड प्रबंधन से ग्रामीणों ने गोल्ड माइंस खोलने की मांग की। यह गोल्ड माइंस तीन सालों से बंद है। गांव के करीबन 200 क्षेत्र के गरीब व मजदूर सड़क पर आ गए हैं। उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

### चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# तीन बंकर से सैकड़ों डेटोनेटर बरामद

**चाईबासा, सूत्रकार**

जिले में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस जवानों ने गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल से कुल 350 पीस डेटोनेटर बरामद किया है। जिसमें नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-340 पीस और इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-10 पीस हैं।

**पश्चिम सिंहभूम के एसपी ने की पुष्टि**

पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने डेटोनेटर बरामदगी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं।

**नक्सलियों के खिलाफ चलाया गया संयुक्त अभियान**

सूचना मिलने के बाद चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 134 बटालियन, 26 बटालियन, 190 बटालियन, 11 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है।





**बरामद सभी डेटोनेटर किए गए नष्ट**

एसपी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल से नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-340 पीस और इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-10 पीस बरामद किया गया है। जिसे सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट कर दिया गया है।

**तीन नक्सल बंकर से कई सामान बरामद**

साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरद-ाकोचा, दिरिबुरी और राजाबासा के समीप जंगली पहाड़ी क्षेत्र से कुल तीन नक्सल बंकर से कई सामग्रियां बरामद की गई हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

**ये सामान हुए बरामद**

340 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 10 पीस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन सेट वॉकी-टॉकी, एक पिस्टन रॉड (एसएलआर) के साथ रिकॉइल स्प्रिंग, एक पाउस गोला-बारूद (कोबरा पैटर्न), नक्सलियों की नोट बुक-चार, पीएलजीए कंपनी ड्रिल बुक-एक, मार्क्स -लेनिन-मॉइज्म बुक 18, युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक- 25, कानू चटर्जी की जीवनी किताब- एक, किंडल बुक रीडर- एक, कलाई घड़ी-एक

**पश्चिम सिंहभूम के इन इलाकों में जारी है नक्सलियों के खिलाफ अभियान**

बताते चलें कि पश्चिम सिंहभूम के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में 10 अक्टूबर 2023 से लगातार नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**कतरास, सूत्रकार**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में आचार्य पुरुषोत्तम राय, कार्यालय सहायक कृष्णदेव प्रसाद और रात्रि प्रहरी भीम रवानी की सेवानिवृत्ति पर स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा द्वारा उपस्थित मंचासीन अतिथियों का परिचय करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह और सचिव विनय कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। प्राचार्य ने कहा विद्यालय के विकास में आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा हैं। मनुष्य कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि आपका दायित्व देश, समाज और परिवार के प्रति और भी बढ़ गया। ईश्वर आपको स्वस्थ एवं दीघार्यु रखें। आपका जीवन खुशियों से भरा रहे। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव ने सेवानिवृत्त आचार्यों व



कर्मचारी के यशस्वी जीवन की कामना की। कहा की आप जहाँ भी रहें स्वस्थ व सुखी रहें। सेवानिवृत्त आचार्यों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं के साथ बिताए पलों को याद किया। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह ने कहा कि सभी आचार्यों को सेवानिवृत्त आचार्य की बातों को पाथेय स्वरूप लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने दोनों आचार्यों और रात्रि प्रहरी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की ईश्वर से कामना की। कार्यक्रम का संचालन विभा दीदी एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राजेश कुमार मिश्रा ने किया। स्नेह मिलन के इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## मृतक सफाई कर्मी के परिजनों ने शव के साथ स्कूल के मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

डीएवी स्कूल बनियाहीर के सफाई कर्मी 51 वर्षीय भुजा हाडी की लंबी बीमारी के बाद भेल्लोर में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बुधवार को नियोजन की मांग को लेकर विद्यालय के मुख्य द्वार पर शव को रख कर प्रिंसिपल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में प्रिंसिपल एस मोदक के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया है की पति भुजा हाडी स्कूल में 32 वर्षों से सफाई कर्मी थे वह 6 माह से बीमार चल रहे थे। धनबाद में इलाज के दौरान चिकित्सकों की सलाह पर भेल्लोर में इलाज चल रहा था। इसी बीच रविवार को उनकी मौत हो गई। पति के मौत के बाद बड़ा पुत्र पवन के लिए नियोजन की मांग करने पर प्रिंसिपल ने नियम का हवाला देते हुए कहा है की संस्थान के 2019 में ही



नियोजन नीति समाप्त कर दिया है। स्कूल में नियोजित एजेंसी के माध्यम से किया जाता हैं। परिवार के लोगों ने शिक्षको को स्कूल से बाहर जाने से ने रोक दिया। समाज के प्रतिनिधि मनोज हाडी, कार्तिक हाडी, के नेतृत्व में प्रदर्शन किया है। दो घंटे बाद विद्यालय के प्रिंसिपल एस मोदक ने वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में संस्थान के नियोजन एजेंसी के माध्यम मृतक के पुत्र पवन नियोजन दिलाया जाएगा। वार्ता में मृतक के ससुर राजू हाडी, साला राजकुमार हाडी,मनोज हाडी,कार्तिक हाडी आदि मौजूद रहे। मृतक भुजा हाडी अपने ससुराल जेलगोड़ा 7 नंबर में रहता था। उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी पुत्र पवन हाडी,गौतम हाडी,पुत्री रिया का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मी भुजा हाडी के मौत के खबर के बाद छात्र छात्राओं को सुबह ही छुट्टी दे दी गयी थी।

## झमाडा के 30 इंची पाइपलाइन में लीकेज से झरिया में गहराया जलसंकट



**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार में जाने वाले 30 इंची पाइप लाइन में पांच जगहों पर लीकेज हो जाने के कारण झरिया में पानी का संकट एक बार फिर गहरा गया है। हालांकि बुधवार को मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। देर रात मरम्मती कार्य पूरा हो जाने के बाद पानी की सप्लाई की जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि 30 इंची पाइप लाइन में तीन दिन पूर्व पांच जगहों पर लीकेज हो गया था। बुधवार को झमाडा कर्मियों द्वारा पानी बन्द कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। दूसरी ओर लगातार लीकेज हो जाने से झरिया एवम आस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित हो जाती हैं। जबकी चुनाव में जिला प्रशासन ने झमाडा कर्मियों को आदेश दिया है की हर हाल में पानी की सप्लाई सुनिश्चित किया जाए। परन्तु जमीन स्तर पर प्रत्येक दिन पानी की सप्लाई में कई प्रकार से बाधा उतपन्न हो रही है।

**बिजली की समस्या भी पानी की सप्लाई में हैं बाधक**

लगातार एक सप्ताह से जामाडोबा आरएस फीडर सेंटर से बिजली की सप्लाई संयंत्र केंद्र में बाधित हो जाता है। कारण बताया जाता हैं की तार टूट गया, या फिर इंसुलेटर टूट गया है। कारण जो भी हो परन्तु झरिया एवम आस पास के क्षेत्रों में पानी की सप्लाई लगातार बाधित हो रही है। झमाडा जल संयंत्र केंद्र के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया है की पाइप लाइन काफी पुराना रहने के कारण बार बार जॉइन में शीशा पेकिंग छोड़ देता है जिस कारण पेकिंग लगातार करना पड़ता है। वही बिजली की सप्लाई भी लगातार बाधित हो जाने से जल भंडारण नही होता हैं और पानी की सप्लाई बाधित हो जाता हैं। मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है दे रात को पानी की सप्लाई की जायेगी।

## इसीएल के लखीमाता कोलियरी खदान में विस्फोट, 3 कर्मी घायल

**चिरकुंडा, सूत्रकार**

ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के मुगमा क्षेत्र अंतर्गत लखीमाता कोलियरी में बुधवार सुबह खदान के अंदर बारूद का एक बड़ा विस्फोट हुआ। घटना में बताया जा रहा है उस दौरान कार्यरत कई कोलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आनन फानन में ईसीएल प्रबंधन उन्हें उचित इलाज के लिए किसी अस्पताल ले गये। हालांकि ईसीएल प्रबंधन की तरफ से इस बारे में कुछ भी बताया नहीं जा रहा है। सूत्रों के जानकारी के अनुसार घटना लखीमाता कोलियरी अंडरग्राउंड खदान की है। वहां के कुछ कोल कर्मियों ने बताया कि बीती मंगलवार की दी रात उक्त खदान में 45 बारूद का विस्फोट कोयला निकालने के लिए किया जाना था, जो खदान के अंदर 45 बारूद माइनिंग अधिकारी ले गए और विस्फोट किया और आकर संबंधित कार्यालय में इस-ाकी सूचना दी पर बुधवार की सुबह जब उक्त खदान की उसी स्थान पर तीन कोल कर्मी ड्रिल करने पहुंचे तो जैसे ही उन्होंने ड्रिल मशीन जमीन में



लगाकर ड्रिल करना शुरू किया बहुत जोरदार धमाका हुआ और जिसमें मौके पर ही तीन कोल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए । कोलकर्मियों ने बताया कि इस विस्फोट का मूल कारण बीती रात जो 45 बारूद का विस्फोट किया गया था उसमें एक बारूद का विस्फोट नहीं हुआ और वह बच गया था । जो बुधवार की सुबह ड्रिल करने के दौरान उसका विस्फोट हुआ और तीन कोल कर्मी घायल हो गए । पूरी घटना के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार माइनिंग अधिकारी है। घटना में लखीमाता कोलियरी के कोलकर्मी सुरेश मुंडा,कुलदीप सिंह तथा मनाल मांझी गंभीर बताया जा रहा है। उन्हें उचित इलाज के लिए बंगाल सकतोडिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## कांग्रेस आदिवासी जिला अध्यक्ष ने मांगा वोट

**मझगांव, सूत्रकार**

मझगांव प्रखंड अंतर्गत नयागांव पंचायत के खजुरिया गाँव मे बुधवार को कांग्रेस पार्टी के आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सह मझगांव विधानसभा प्रभारी देवराज चातार ने डोर टू डोर अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी आदिवासी विरोधी पार्टी है। पूर्व में हम लोगों ने गीता कोड़ा को जीता कर स-ांसद बनाये थे। पर उन्होंने प्रलोभन में आकर भाजपा का दामन थाम लिया जबकि भाजपा पार्टी आदिवासियों का विकास नहीं चाहती है। और संविधान के विरोध में भाजपा कार्य कर रही है। इंडिया गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता संविधान को बचाने के लिए लगे हुए हैं। अगर संविधान बचेगा तो आदिवासी मूलवासी बचेंगे। इसलिए आगामी 13 मई को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी को वोट देकर विजय बनाने का कार्य करें। मौके पर भगवान चातार, शिवकुमार चातार,जामिस चातार, जगन्नाथ चातार, सीडीओ चातार, सुखलाल चातार, देवेंद्र चातार आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन चुनाव अगले आदेश तक स्थगित

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन चुनाव को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। चुनाव समिति ने बुधवार को एक बैठक में यह निर्णय लिया है। इसे लेकर प्रवक्ता रंजनधारी सिंह ने बताया कि आगामी 10 मई को जिला बार एसोसिएशन का चुनाव होना था जिसे किसी कारणवश स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही चुनाव समिति एक बैठक कर चुनाव के नए तिथि की घोषणा की जायेगी। रंजनधारी सिंह ने बताया कि इस बीच ना तो कोई किसी पद के लिए नामांकन कर सकता है और ना ही किसी का नामांकन रद्द होगा। नए तिथि की घोषणा के बाद उक्त तिथि को मतदान होगा और मतगणना के बाद नए कमिटी की घोषणा होगी।

## सांसद संजय सेठ ने जन संवाद कार्यक्रम में लोगों से मांगा समर्थन

**चांडिल, सूत्रकार**

रांची के सांसद सह एनडीए उम्मीदवार संजय सेठ ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत किया। बुधवार को जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत चांडिल प्रखंड के तामुलिया गांव से हुआ। तामुलिया में ग्रामीणों से मिलते हुए सांसद ने केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और चुनाव में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान और सदन में क्षेत्र की मुखर आवाज बनने में मतदाता अपनी सहभागिता निभाएं।

सांसद ने कहा कि सदन में जनता की आवाज बुलंद करने के लिए उनका समर्थन करें। सांसद संजय सेठ बुधवार को तामुलिया के बाद बंधुगोड़ा, कपाली बस्ती, कमारगोड़ा, डोबो, धन्नीगोड़ा, रूगड़ी, पुडीसिली, गौरी समेत विभिन्न गांवों में लोगों से मुलाकात कर समर्थन मांगेंगे। जन संवाद कार्यक्रम चलाने के बाद



बुधवार की दोपहर बाद वे रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। रांची में भी वे देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और अपना चुनाव प्रचार करेंगे।

सांसद संजय सेठ ने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों में शौचालय बनवाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया, महिलाओं के सुविधा के लिए गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया, देश में रोजगार के अवसर प्रदान किया, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को सशक्त किया, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्रदान किया। वहीं झारखंड की सरकार अखंड भ्रष्टाचार में लिप्त है। गठबंधन की सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक साल 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे, उसका क्या हुआ।

झारखंड के गठबंधन की सरकार ने यहां के गरीब, किसान व युवा के साथ धोखा देने का काम किया है। बुधवार को भी सांसद के जन संवाद कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो भी साथ थे। वहीं दूसरे दिन लोगों से मिलने के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता को सांसद से दूर बैठे देखा गया। ऐसे में ग्रामीण खुलकर सांसद से मिलकर अपनी बातों को रख सके।

न्यूज फ्लैश

## निगम चला रहा है सफाई अभियान

रांची, सूत्रकार



सफाई तो होकर रहेगी अभियान के तहत प्री मॉनसून की संभावना को देखते हुए नगर निगम शहर के सभी वार्डों में नाली सफाई अभियान चला रहा है। सफाई कार्य में 800 से अधिक सफाई कर्मचारी जुटे हैं। सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ चार सुपर सकर मशीन व छह जेसीबी मशीन का भी इस्तेमाल सफाई कार्य में किया जा रहा है। वहीं मॉनसून से पहले खतरे को देखते हुए निगम के द्वारा सभी खतरनाक नालियों पर लोहे की पाइप से बैरिकेडिंग की जा रही है। बैरिकेडिंग के साथ-साथ सभी खतरनाक स्थान लोगों की सुविधा के लिए सूचना पट भी लगाया जा रहा है। अगर आपके इलाके में नाली की साफ सफाई से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत है, तो आप 9431104429 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## गैंगरेप से आहत छात्रा ने की आत्महत्या, परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

रांची, सूत्रकार

राजधानी के बीआईटी इलाके में रहने वाली छात्रा ने अपने ही दोस्तों द्वारा गैंगरेप से आहत होकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की डायरी में मिले सुसाइड नोट से इसका खुलासा हुआ है। 5 मई को छात्रा ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल पर जांच के समय पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। बाद में परिजनों ने पुलिस को छात्रा का सुसाइड नोट उपलब्ध कराया है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, सुसाइड नोट में छात्रा ने अपने दोस्तों पर आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के दोस्तों ने 6 मार्च को उसे बहला फुसलाकर रांची के कोकर इलाके में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इस घटना के बाद से वह ठीक से रह नहीं पा रही थी। गैंगरेप के बाद भी उसके दोस्त उसे बेइज्जत करते रहे, जिससे वह परेशान थी, इससे आहत होकर उसने अपनी जान दे दी। सुसाइड नोट में छात्रा ने दोनों आरोपियों के नाम और फोन नंबर भी लिखे हैं। इस मामले को लेकर छात्रा की मां ने रांची के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सदर थाना कुलदीप ने कहा कि पुलिस को कमरे में जांच के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, बाद में परिजनों ने पुलिस को दो सुसाइड नोट उपलब्ध कराए। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है। छात्रा के मोबाइल फोन की भी तलाशी ली जा रही है। साक्ष्य मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाबूलाल, दीपक प्रकाश, अर्जुन मुंडा समेत अन्य नेताओं को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

रांची, सूत्रकार

झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उक्त सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

## हाईकोर्ट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत जुर्माने के आदेश में हुआ संशोधन

रांची, सूत्रकार

झारखंड हाईकोर्ट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और खूंटी लोकसभा से बीजेपी उम्मीवार अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके ऊपर जुर्माना लगाये जाने के आदेश को संशोधित कर दिया है। दरअसल हाईकोर्ट की तरफ से अर्जुन मुंडा पर जुर्माना लगाये जाने के बाद हस्तक्षेप याचिका दायर की गई थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्व और पार्थ जालान ने बहस की।

## 10 हजार दफादार-चौकीदारों के वेतन के लिए 129.68 करोड़ रुपया आवंटित

रांची, सूत्रकार

ग्रामीण इलाकों की हर गतिविधियों से पुलिस को अपडेट रखने वाले चौकीदार-दफादारों के वेतन के लिए राशि आवंटित किया गया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चौकीदार और दफादारों के वेतन के वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 129.68 करोड़ रुपया की राशि आवंटित की गई है। झारखंड में 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार हैं। हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है। प्रत्येक चौकीदार को 20,000 रुपये का वेतन मिलता है। साल 1870 में ग्राम चौकीदार अधिनियम लागू होने के बाद चौकीदार ब्रिटिश काल से भारत में पुलिस व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। ये लोग अपने वरिष्ठ दफादारों को रिपोर्ट करते हैं। झारखंड सरकार ने उनके लिए एक अलग कैडर समर्पित किया है।

# हटिया स्टेशन से 16 लाख का गांजा बरामद, छह तस्कर भी गिरफ्तार

रांची, सूत्रकार




आरपीएफ फ्लाइंग टीम ने रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से 16 लाख रुपये का गांजा बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में छह गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ हटिया की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अधिकारियों को सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर ट्रॉली बैग के साथ कुछ संदिग्ध देखे गए हैं, जो लगातार किसी दूसरे रास्ते से स्टेशन से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया टीम के अधिकारियों ने मिलकर प्लेटफॉर्म नंबर 3 की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान आरपीएफ टीम ने देखा कि प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चार बड़े ट्रॉली बैग के साथ छह लोग संदिग्ध अवस्था में एक्सीलेटर के पास बैठे हुए हैं। सूचना के आधार पर सभी 6 लोगों को हिरासत में लिया गया और जब उनके बैग की तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में गांजा के पैकेट बरामद हुए। गिरफ्तार गांजा तस्करों में बिहार के दुलारचंद्रम, झारखंड के रामगढ़ के बबलू कुमार यादव, विनीत कुमार और निखिल कुमार तथा दिल्ली के इकबाल खान शामिल हैं। हटिया पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर हेमंत कुमार ने बताया कि सभी तस्कर ओडिशा के राउरकेला से गांजा की खेप लेकर ट्रेन से रांची पहुंचे थे, रांची के बाद उन्हें कानपुर से दिल्ली ट्रेन से जाना था। सभी तस्कर कानपुर में ही नशे का कारोबार करते हैं। गिरफ्तार तस्करों के पास से कुल 32 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत 16 लाख रुपये है। आरपीएफ हटिया द्वारा गिरफ्तार तस्करों को जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। जीआरपी हटिया द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हाईकोर्ट ने जामताड़ा डीसी को उपस्थित होने का दिया निर्देश

रांची, सूत्रकार

झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के निर्वाचन के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने से नाराजगी जाहिर करते हुए अगली सुनवाई में जामताडा डीसी को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। स्पीकर के निर्वाचन के खिलाफ संतोष हेंब्रम ने याचिका दायर की है। संतोष हेंब्रम ने रवींद्र नाथ महतो पर चुनाव में भ्रष्ट आचरण अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रवींद्र नाथ महतो ने चुनाव जीतने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कोर्ट से उनका निर्वाचन रद्द करने का आग्रह किया है। बता दें कि जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक रवींद्र नाथ महतो ने चुनाव जीता था। प्रार्थी ने भी इसी सीट से चुनाव लड़ा था और पराजित हो गए थे। जिसके बाद उन्होंने न्यायालय में एलेक्शन पिटिशन दाखिल की है।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के पुलिसकर्मी अवधेश कुमार को ईडी का नोटिस




रांची, सूत्रकार

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित पुलिसकर्मी अवधेश कुमार को ईडी ने नोटिस भेजा है। ईडी ने अवधेश कुमार को बुधवार को नोटिस भेजकर 13 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने अवधेश कुमार को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। छह जनवरी 2024 को ईडी ने साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन और इसी केस में ईडी के गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में चार लोगों को समन किया था। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू को ईडी ने 16 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया था। वहीं साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी को ईडी ने बुलाया था, सीएम के करीबी मित्र और पेशे से आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी को और जेल के वार्डन अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी की उपस्थित होने का समन दिया गया था। सीएम के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह समेत नौ के यहां ईडी ने तीन जनवरी को छापेमारी की थी। जेल से ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में प्रेम प्रकाश के सहयोगी के तौर पर जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह का नाम सामने आया था। बाद में योगेंद्र तिवारी को मदद करने के मामले में अवधेश को निलंबित कर दिया गया था।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने नैनीताल में किया शानदार प्रदर्शन

रांची, सूत्रकार

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नैनीताल में आयोजित गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी, जिसमें देश भर के 14 स्कूलों के 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सुकरात/ गैलीलियो/ गांधी/पेरियार की वास्तविक और रूपात्मक दुनिया की थीम पर आधारित क्रिएटिव राइटिंग और स्पोकन वर्ड प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की प्रज्ञाश्री होता और निशिका राज ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल में 2दक रनर अप स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं के नेयारा तहरीम, अदयान मलिक के साथ स्कूल के पूर्व छात्र चिन्मय ने भी ह्यडॉ। ओटो वुल्फ मेमोरियल बहु-अनुशासनात्मक काइनेटिक कला स्थापना प्रतियोगिता में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल का 2दक रनर अप स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की।

# रांची में पावर कट से लोग परेशान

रांच, सूत्रकार



राजधानी रांची में इन दिनों बिजली की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। कई मोहल्लों में सुबह से शाम तक बिजली नहीं रहती, तो कई मोहल्लों में देर रात तक बिजली गायब रहती है। लगातार पावर कट की समस्या को लेकर शहरवासी कई बार बिजली विभाग को अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। बिजली विभाग के वरीय अधिकारी पीके श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले कई दिनों से खराब मौसम के कारण जिले में जगह-जगह बिजली के तारों पर पेड़ की टहनियां गिर गई हैं। जिसके कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई घंटों तक बिजली काटी जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रांची जिले को 350 मेगावाट बिजली भेजी जा रही है। लेकिन भीषण गर्मी के कारण पूरे जिले का लोड दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। लोग एसी, कूलर और पंखे जैसे संसाधनों का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में बिजली का लोड बढ़ना स्वाभाविक है। बिजली विभाग के वरीय अधिकारी सीएम शर्मा का कहना है कि रांची को पर्याप्त बिजली मिल रही है। लेकिन पावर कट की समस्या का मुख्य कारण यह है कि राजधानी में कई जगहों पर पानी की अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई जा रही है। कई जगहों पर टेलीफोन के तार भी बिछाए जा रहे हैं। इसलिए अंडर वायरिंग के दौरान जमीन के अंदर अर्थिंग के तार कट जाते हैं। इस कारण पावर कट की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि तार कटने के बाद संबंधित ठेकेदार बिजली विभाग को सूचना भी नहीं देते हैं। जिसके कारण कई घंटों तक बिजली की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार समय पर सूचना दें तो बिजली विभाग अपने कर्मचारियों से तुरंत बिजली की मरम्मत करवाएगा और लोगों को बिजली कट की समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा। बता दें कि शहरी क्षेत्रों के अलावा रांची जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। गर्मी में बढ़ते संसाधनों को पूरी बिजली उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को घंटों पावर कट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं पावर कट की समस्या होने पर बिजली विभाग की ओर से कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 94311 35682 है। लोग इस नंबर पर कॉल कर पावर कट की जानकारी दे सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव 2024ः झारखंड में चुनाव कार्य में 23950 गाड़ियों का होगा इस्तेमाल

रांची, सूत्रकार



पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार सर्वाधिक गाड़ियों का इस्तेमाल होगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार झारखंड के चारों चरण के चुनाव में कुल 23,950 निजी और सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल होगा। इन गाड़ियों में सुरक्षा बलों के लिए 8,770 और पोलिंग पार्टी के लिए 15,180 गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार 2014 में 17,651, 2019 में 21,575 गाड़ियों का इस्तेमाल हुआ था। उन्होंने कहा कि आम तौर पर चुनाव के लिए कई दिनों पहले निजी गाड़ियों को ले लिया जाता था, अब उससे निजात मिलेगी। मतदान से दो दिन पहले आवश्यकतानुसार गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव के दौरान स्कूल बसों का इस्तेमाल कम से कम करने के निर्देश चुनाव आयोग ने दिया है, ताकि स्कूल जानेवाले बच्चों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। स्कूल बसों का इस्तेमाल पोलिंग पार्टी के लिए करने का निर्देश देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदान के दिन अमूमन स्कूल बंद ही रहते हैं। मतदान से एक दिन पहले स्कूल बसों को लिया जाएगा और मतदान खत्म होने के बाद देर शाम तक उन्हें छोड़ दिया जाएगा, ताकि दूसरे दिन बच्चों को स्कूल जाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि हमलोगों का मकसद है कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बगैर डिस्टर्ब किए गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाए। जिन गाड़ियों में जीपीएस लगा होगा उन्हीं गाड़ियों का इस्तेमाल चुनाव में किया जाएगा, ताकि गाड़ियों की मॉनिटरिंग जिला और राज्य स्तर पर बने कंट्रोल रुम से की जा सके। जीपीएस लगी गाड़ियों की मॉनिटरिंग के लिए विभिन्न स्तर पर आयोग द्वारा टीम बनाई गई है। इसके अलावे मतदान केंद्रों पर पहली बार 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं और निशक्तों के लिए गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन गाड़ियों को जिला स्तर पर गठित टीम और स्थानीय बीएलओ के को-ऑर्डिनेशन से प्राप्त किया जा सकता है।

# ढुल्लू महतो के लेने या डरने वाले बयान पर राज सिन्हा ने दी चुनौती

बोकारो, सूत्रकार



धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। रात के वक्त आम लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कुछ ऐसी बातें कह डाली जिसपर धनबाद के भाजपा विधायक को सफाई के साथ-साथ चुनौती देनी पड़ गयी। दरअसल, जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें ढुल्लू महतो कह रहे हैं कि उन्होंने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर वहां के एसपी को चोर, डकैत और क्रिमिनल कहा था। क्योंकि यह हकीकत भी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के कुछ लोगों ने पूछा कि दूसरे सासंद या विधायक एसपी के खिलाफ क्यों नहीं बोलते हैं। इसपर उन्होंने कहा कि वे लोग इसलिए नहीं बोलते हैं क्योंकि या तो वे डरते हैं या उनको मिलता है। खास बात है कि अपने संबोधन के दौरान ढुल्लू महतो ने पीएम मोदी तक से अपनी तुलना कर दी। उन्होंने यहां तक कह दिया कि आप कहीं जाएं तो इस बात की चर्चा जरुर करें कि मात्र एक हैं मोदी जी और यहां ढुल्लू महतो। इधर, भाजपा प्रत्याशी के इस बयान पर जब धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो का यह वीडियो उनके पास भी पहुंचा है। उन्होंने ढुल्लू को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह क्रिमिनल से पैसे लेते हैं तो वह इस बात को साबित कर दें। उनके साबित करते ही वह राजनीति से सन्यांस ले लेंगे। इस मसले पर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई तो उनके समर्थक ने बताया कि वह चंदनक्यारी के सीधाटांड में पदयात्रा कर रहे हैं। इसलिए अभी बात नहीं हो पाएगी। दरअसल, धनबाद के वर्तमान सांसद पीएन सिंह हैं। वह भाजपा के नेता हैं। उनका टिकट काटकर इसबार पार्टी ने बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। जबकि धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी भाजपा के ही नेता है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा सीट हैं जिसमें एक पर जेएमएम और एक सीट झरिया से विधायक पूर्णिमा सिंह कांग्रेस की नेत्री हैं। इसलिए सासंद और विधायक शब्द का इस्तेमाल करने पर चर्चा हो रही है कि आखिर ढुल्लू महतो ने अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ ऐसी बात क्यों बोल दी। खास बात है कि आज शहर के हीरापुर में बंगाली वेलफेयर की ओर से आयोजित रविंद्र नाथ टैगोर के जयंती समारोह में शामिल भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी अमर रहे के नारे लगा दिए। हालांकि बाद में उन्होंने जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं इस मामले को लेकर आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि यह टंग स्लिप है।

# नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सामने परती जमीन पर कब बनेगी चहारदिवारी, हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग से मांगा जवाब

रांची, सूत्रकार




राजधानी में कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, झारखंड को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में बार एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में सुनवाई हुई। गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल वर्चुअली उपस्थित हुई। उन्होंने अदालत को बताया कि बाउंड्री वॉल बनाने का क्षेत्राधिकार गृह विभाग के पास नहीं है। इसलिए इससे संबंधित जवाब गृह विभाग नहीं दे सकता है इसपर हाईकोर्ट पूछा कि यह क्षेत्राधिकार किसके पास है। जवाब में उन्होंने कहा कि हायर एजुकेशन विभाग के पास हो सकता है। इस जवाब के बाद हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले संबंधित विभाग को अपना जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने सेल और सीसीएल को भी अपना निर्णय अदालत को बताने का आदेश दिया है। दरअसल, विश्वविद्यालय की ओर से सेल और सीसीएल को बाउंड्री वॉल के लिए आवेदन दिया गया है। इसपर उन्हें निर्णय लेना है। मामले की अगली सुनवाई की 14 जून को होगी। 7 मई को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सामने जो दूसरा भूखंड है, उसपर टीओपी निर्माण किया जा रहा है। उसके लिए बाउंड्री भी बन रही है। तब कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से पूछा कि पूरे भूखंड पर बाउंड्री वॉल क्यों नहीं की जा रही है। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए झारखंड सरकार के गृह सचिव को अदालत में हाजिर होने को कहा था। हालांकि उन्हें इस बात की छूट दी गई थी कि वह वर्चुअली भी कोर्ट की सुनवाई के समय उपस्थित हो सकती हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह झारखंड का यूनिवर्सिटी है। सामने की जमीन खुला रहने के कारण उसपर अतिक्रमण हो रहा है। उसे रोकने के लिए बाउंड्री करना जरुरी है। फिर भी सरकार की ओर से टाल-मटोल किया जा रहा है। यह सही नहीं है। सेल की ओर से अदालत को बताया गया कि विश्वविद्यालय की ओर से बाउंड्री के लिए किसी तरह का कोई आवेदन नहीं दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जब कोई आवेदन आएगा तो वह सीएसआर के तहत अधिकारी से दिशा निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे। सीसीएल की ओर से भी बताया गया कि उन्हें किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि सोलर पैनल काम नहीं कर रहा है। इसपर कोर्ट ने जरेडा को एक्शन लेने का आदेश दिया।

# मंत्री आलमगीर आलम नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा : विजय शंकर

रांची, सूत्रकार



मंत्री आलमगीर आलम नैतिकता के आधार पर खुद इस्तीफा दें। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अविलंब उन्हें मंत्रीपद से बर्खास्त करें। उपरोक्त बातें बुधवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कही। इन्होंने यह भी कहा कि मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल को सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा, जो मास्टरमाइंड है, जिनके इशारे पर यह पैसा वसूली की गई, उसको सस्पेंड करना जरूरी है। श्री नायक ने आगे कहा कि आज लूट और भ्रष्टाचार के कारण झारखंडी शर्मसार हो रहे हैं। झारखंड राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन भ्रष्टाचारी नेताओं के कारण बदनाम और कलंकित हो रहा है। आज झारखंड की छवि दिन प्रतिदिन 24 वर्षों में एक भ्रष्टाचारी राज्य के रूप बनती जा रही है, जो झारखंड राज्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। श्री नायक ने आगे कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को इस दिशा में आवश्यक कड़े कदम उठाने चाहिए और किंतु परंतु, लेकिन, ना करते हुए अविलंब राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम से इस्तीफा ले लेना चाहिए। अगर इस्तीफा देने में मंत्री के द्वारा ना नुकुर किया जाता है तो तुरंत विशेषाधिकार अपनाते हुए बिना समय गंवाते हुए उन्हे मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि राज्य की जनता के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया जा सके । नायक ने प्रवर्तन निदेशालय से यह भी राज्य के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान मंत्रियों तथा नौकरशाहों की भी चल अचल संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। नायक ने इस कमीशनखोरी में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क दुर्घटना में निगम के चालक की मौत

**जसीडीह, सूत्रकार**

जसीडीह थाना क्षेत्र के एफसीआइ मोड़ के समीप मंगलवार की रात को सड़क दुर्घटना में भोक्ताडीह गांव निवासी राजू भोक्ता की मौत हो गयी। वह जसीडीह नगर निगम कार्यालय में चालक के पद पर कार्यरत था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम को वह निगम कार्यालय से काम कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में उक्त स्थान पर किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद एक टोटो चालक ने उसे उठा कर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने उसे सदर अस्पताल ले गये, वहां भी डॉक्टर ने मृत होने की बात कही। घटना से परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

### अपराधियों ने चकमा देकर उड़ा लिया हजारों रुपया, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**पाकुड़, सूत्रकार**

जिला में लूट की घटना हुई है। शहरी क्षेत्र के हरिणडांगा बाजार में अपराधियों ने एक व्यक्ति को चकमा देकर उसके हजारों रुपये लेकर फरार हो गये। जब तक अपराधी पर नजर पड़ती वे फरार हो चुके थे। पीड़ित के द्वारा इस घटना की जानकारी नगर थाना को दी गयी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही पुलिस बैंक का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक बाजार शाखा से सदर प्रखंड के रहशपुर निवासी नूर इस्लाम 53 हजार 400 रुपया निकासी कर मुख्य सड़क आया और बाइक की डिक्की में राशि को रखा। नूर इस्लाम जब तब डिक्की को बंद करते तब तक अपराधियों ने नूर का ध्यान भटकाने के लिए कुछ 10 रुपये का नोट नीचे गिरा दिया और कहा कि उसकी राशि नीचे गिर गई है। इस बीच नूर जब 10 रुपये का गिरा हुआ नोट को उठाने लगा तभी अपराधी डिक्की से राशि लेकर चलते मौके से फरार हो गये। जब उसकी नजर डिक्की पर पड़ी तो राशि गायब पाया और मामले की सूचना बैंक सहित पुलिस को दी। नूर इस्लाम ने बताया कि वह एक बीड़ी कंपनी में बतौर मुंशी का काम करता है और मजदूरों को भुगतान के लिए राशि की निकाशी की गयी थी। इसको मामले को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है और अपराधी की पहचान भी की गयी है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### पाकुड़ से हज यात्रियों का जत्था मक्का-मदीना के लिए रवाना

**पाकुड़, सूत्रकार**

जिला से हज यात्रा के लिए लोगों को बुधवार को रवाना किया गया। पाकुड़, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा आदि के लोग बालूघाट ट्रेन से कोलकाता के लिए रवाना हुए। कोलकाता से सभी जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। मालूम हो कि सऊदी अरब स्थित मक्का और मदीना जाना हर मुसलमान का सपना होता है। हर वर्ष लाखों की संख्या में देशभर के मुसलमान वहां जाते हैं। हज पर जानेवाले समद अली एवं अन्य हाजी को परिजनों और मित्रों ने विदाई दी। पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हज पर जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदार दोस्त के अलावा शहर के लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने हज यात्रियों से हज के दौरान देश में अमन शांति व खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। इस बार झारखंड-बिहार के सभी हज यात्री कोलकाता से उड़ान भरेंगे। हज यात्रियों को छोड़ने के लिए अजीजुल इस्लाम, नारायण भगत, विकास साहा, कमलेश साहा, शाहिद इकबाल, दौलत मोमिन, इशहाक अंसारी आदि मौजूद रहे।

### डस्ट लदा हाइवा सड़क किनारे पलटा, कोई हताहत नहीं

**लिट्टीपाड़ा, सूत्रकार**

ओपी क्षेत्र के घरमपुर-सिमलोंग मुख्य मार्ग पर धनघरा के समीप बुधवार को एनटीपीसी का डस्ट लदा तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार हाइवा संख्या जेएच16एफ 1889 गोड्डा से डस्ट लेकर पाकुड़ जा रहा था। तेज रफ्तार होने के कारण धनघरा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। घटना में चालक और उपचालक सहित किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गयी है।

### बिजली का करंट लगने से छात्र की मौत

**हंटरगंज, सूत्रकार**



जबड़ा पंचायत के खजुरिया गांव में बिजली का करंट लगने से बुधवार को छात्र कुलदीप कुमार (14) पिता संजय यादव की मौत हो गयी। वह अपने दोस्त बिशनदेव कुमार के साथ सुबह शौच के लिए जा रहा था। इस दौरान जमीन पर गिरे धारा प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। हालांकि ग्रामीणों ने अपने स्तर से उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। घटना की जानकारी पाकर थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि चैतु यादव पहुंचे और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही विनोद दास मोटर चलाने व सूबेदार यादव अपने घर में बिजली जलाने के लिए तार ले गये हैं। काफी दिनों से इन लोगों को नंगे बिजली के तार को हटाने को कहा जा रहा था, लेकिन इन लोगों द्वारा नहीं हटाया गया, जिससे एक बड़ी घटना घटी। पुलिस ने विनोद दास को हिरासत में ले लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। कुलदीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजुरिया की आठवीं कक्षा का छात्र था। वह तीन बहनों में इकलौता भाई था। उसके पिता सिरसा में मजदूरी करने गये हैं। श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता घटना पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## गिरिडीह के देवरी प्रखंड के हथगढ़ गांव में गहराया जलसंकट

# नदी में चुआं खोदकर प्यास बुझाते हैं ग्रामीण

**गिरिडीह, सूत्रकार**



जिले के देवरी प्रखंड की गुनियाथर पंचायत अंतर्गत हथगढ़ गांव में इन दिनों पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। हालत यह है कि ग्रामीणों को नदी में चुआं खोदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। नदी का पानी पीने से यहां के ग्रामीण बीमार भी पड़ रहे हैं। बताते चलें कि हथगढ़ गांव में कुल 800 लोगों की आबादी है। गांव की महिलाओं को हर रोज सुबह और शाम पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इस संबंध में ग्रामीण बच्चू दास, दिनेश दास, चंदन ठाकुर, दीपक साव, सोना साव, भीम ठाकुर, भागीरथ राय, सहदेव साव, सुंदर पंडित, अजय ठाकुर, देवंती देवी, द्रोपदी देवी, कमलेश्वा देवी, राजेंद्र ठाकुर आदि ने बताया कि हथगढ़ गांव में पेयजल के लिए दो चापाकल लगाया गया है, लेकिन वर्तमान में दोनों चापाकल खराब पड़ा हुआ है। इस कारण गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा है। वहीं जल जीवन योजना का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। संवेदक की मनमानी के कारण आज भी ग्रामीण योजना के लाभ से वंचित हैं। योजना के तहत गांव में पांच स्थानों पर बोरिंग कर जलमीनार बनाने की योजना थी, लेकिन एक वर्ष पूर्व दो स्थान पर बोरिंग करने के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। योजना के तहत गांव के हर घर में पानी पहुंचाने की योजना थी, लेकिन अभी तक एक भी परिवार को नल से जल नहीं मिल पा रहा है। फलस्वरूप लोगों को चुआं खोदकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इस बाबत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता नरोत्तम सिंह मुंडा ने बताया कि हथगढ़ गांव में पानी की समस्या को देखते हुए संवेदक को 15 दिनों के अंदर नल जल योजना का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### मतदानकर्मियों को दिया गया पोस्टल-बैलेट का प्रशिक्षण

**पाकुड़, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण कोषांग की ओर से समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को पोस्टल वोटिंग कराने को लेकर प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतदानकर्मियों को कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। प्रशिक्षण में शामिल होकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को पोस्टल वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संधारण एवं पैकेटिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। निर्देशित किया कि किसी कारण से कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के उपयोग से वंचित न रहे। इसका विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से पोस्टल बैलेट से वोटिंग कराने की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी गयी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## पलामू में आकाशीय बिजली का कहर

# वज्रपात में तीन बच्चों की मौत

**पलामू, सूत्रकार**

जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना में तीन बच्चों की मौत हुई है। पहली घटना मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में हुई है, यहां आकाशीय बिजली से दो बच्चों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी घटना पलामू के पांकी थाना क्षेत्र में हुई है। पांकी में वज्रपात से एक किशोर की मौत हो गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ सोनबरसा में साक्षी कुमारी नामक चार वर्षीय बच्ची मंगलवार को अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी क्रम में वज्रपात हो गया। जिससे बच्ची अचेत हो गई। यह देख परिजन आनन-फानन बच्ची को उठाकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच कर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गोलापत्थर में वज्रपात से बसंत रजवार नामक 13 वर्षीय किशोर की मौत हुई है। किशोर घर के बाहर खेल रहा था। इसी क्रम में वज्रपात हो गया और घटना में बसंत रजवार की मौके पर ही मौत हो गई। बसंत रजवार गढ़वा का रहने वाला है था। वह छुट्टियों में अपनी बुआ के घर पलामू के मोहम्मदगंज आया था। वहीं तीसरी घटना पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के डेमा के इलाके में हुई है। जहां वज्रपात की घटना में एक 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली थी और गरज के साथ हल्की बारिश हो रही थी। इसी दौरान वज्रपात हो गया और किशोरी की मौत हो गई। बताते चलें कि मंगलवार को पलामू के कई इलाके में वज्रपात की घटना हुई है। जिसमें तीन बच्चों की मौत हुई है। दरअसल, मौसम विभाग ने भी मंगलवार को वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया था। मंगलवार की शाम पलामू के इलाके में मौसम ने करवट ली थी और अचानक बादलों ने आकाश में डेरा जमा लिया था। पिछले कुछ वर्षों में पलामू में वज्रपात से होने वाले मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

# हजारीबाग के चुरचू में पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण

**हजारीबाग, सूत्रकार**



जिले के चुरचू इलाके में जंगली हाथियों का झुंड देखे जाने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार झुंड में करीब 15 हाथी हैं। फिलहाल हाथियों ने अभी तक किसी ग्रामीण को नुकसान नहीं पहुंचाया है। ग्रामीण रात भर जागकर झुंड पर नजर रख रहे हैं। वे डर के साए में रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीण हाथियों के झुंड को गांव से भगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बताया जाता है कि गोंदवार के जंगल में हाथियों का झुंड देखा गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है। हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से हाथियों के आतंक से बचाव का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। हर साल सैकड़ों लोग हाथियों के आतंक से प्रभावित हो रहे हैं। कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। वन विभाग और प्रशासन के अथक प्रयास के बावजूद जान-माल का नुकसान थम नहीं रहा है। हाथियों के हमले से ग्रामीणों को घर, फसल और भंडारित अनाज के रूप में नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से चुरचू प्रखंड क्षेत्र के बालीडीह गोंदवार समेत अन्य गांवों में दर्जनों हाथियों का आतंक जारी है। दिन में हाथी जंगल की ओर चले जाते हैं, लेकिन रात होते ही हाथी गांव की ओर आ जाते हैं। हाथियों ने कई लोगों के कच्चे मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और कई लोगों की फसलों को रौंद दिया है। हाथियों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। कई बार ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन हाथियों के झुंड को भगाने के सारे प्रयास विफल होते दिख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार पीड़ितों को मुआवजा और अनुग्रह राशि के रूप में मदद करती है, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी करने में काफी समय लग जाता है। जिसके कारण लोगों को सिर छुपाने के लिए महीनों सोचना पड़ता है। ग्रामीणों की मानें तो प्रखंड के कुछ इलाकों में हाथियों ने स्थायी ठिकाना बना लिया है। वे भोजन की तलाश में गांवों और बस्तियों की ओर आते हैं। इस क्रम में वे जान-माल का नुकसान करते हैं।

## आदिवासी युवक की पिटाई पर सियासत, निशिकांत दुबे ने कहा

# मेरे कार्यकर्ता को नहीं होगा कोई नुकसान

**गोड्डा, सूत्रकार**



गोड्डा लोकसभा के सरैया हाट थाना क्षेत्र के बारीडीह में चुनाव प्रचार के दौरान आदिवासी युवक पर कथित हमले को लेकर राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर भाजपा और झामुमो की ओर से बयानबाजी शुरू हो गई है। दरअसल, दो दिन पहले सांसद निशिकांत दुबे बारीडीह गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान पर थे। इस दौरान आरोप है कि एक युवक जिसका नाम अजय मुर्मू बताया जा रहा है, उसने निशिकांत दुबे से पूछा कि सांसद 1932 के खतियान का विरोध क्यों कर रहे हैं। इसके बाद सांसद के साथ गए लोगों ने अजय मुर्मू की पिटाई शुरू कर दी।

इस मामले को लेकर थाने में आवेदन भी दिया गया है, लेकिन मिली जानकारी के अनुसार अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इस पूरे मामले को लेकर राजनीति गरमा गई है। मामले को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की बात कही थी, लेकिन फिलहाल उन्होंने इसे वापस ले लिया है। इस पूरे मामले पर निशिकांत दुबे ने कहा कि जब तक मोदी की सरकार है और उनके सांसद निशिकांत दुबे हैं, उनके कार्यकर्ताओं को कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने एसपी से बात की है और उन्हें बताया गया है कि वीडियो में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदीप यादव अपना अनशन वापस नहीं लेते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह उनकी और भाजपा की जीत है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि एक तरफ मोदी जी कहते हैं कि वे आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की गारंटी देते हैं लेकिन उनके सांसद जो तीन बार से गोड्डा लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे अपने लोगों से आदिवासी युवक की पिटाई करवाते हैं। पीड़ित अजय मुर्मू पर नशे का आदी होने का आरोप लगाया गया है जबकि वे ऐसी चीजों का सेवन नहीं करते हैं। अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा।

## हजारीबाग समाहरणालय भवन में बना आर्ट गैलरी

# स्कूली बच्चों की बनाई गई पेंटिंग से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**हजारीबाग, सूत्रकार**



देश लोकतंत्र के महापर्व का जश्न मना रहा है। इस महापर्व की खूबसूरती मतदाताओं में निहित है। मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें, इसके लिए हजारीबाग जिला प्रशासन कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग समाहरणालय भवन में आर्ट गैलरी बनाई गई है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों की खूबसूरत पेंटिंग लोगों को आकर्षित कर रही है। हर पेंटिंग के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अधिक से अधिक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचें। देश भर में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह चरम पर है। अधिक से अधिक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचें, इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी भी दिख रही है। हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने समाहरणालय भवन के ग्राउंड फ्लोर पर आर्ट गैलरी बनवाई है। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा बनाई गई दो दर्जन से अधिक पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं। एक पेंटिंग में एक वृद्ध महिला को उसका बेटा मतदान केंद्र ले जाता हुआ दिखाया गया है। तो दूसरी पेंटिंग में धनबल की बजाय बुद्धि से मतदान करने की अपील की गई है। मतदान के जरिए 2034 में भारत कैसा होगा, यह दिखाने की भी कोशिश की गई है। सभी पेंटिंग दसवीं क्लास तक के बच्चों ने बनाई हैं, जो भी समाहरणालय आता है, वह एक बार पेंटिंग जरूर देखता है। पेंटिंग के जरिए बच्चों ने अपने माता-पिता और रिश्तेदारों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया है।द्वारा बनाई गई पेंटिंग के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक।

# चुनावी तापमान : देसी जुगाड़ से नेता गर्मी से कर रहे बचाव, पेड़ों की छांव में हो रही सभा

**पलामू, सूत्रकार**



भीषण गर्मी से बचने के लिए चुनाव प्रचार में जुटे नेता और कार्यकर्ता देसी जुगाड़ का सहारा ले रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच लोकसभा का चुनाव होना है। इस भीषण गर्मी में सत्तू और पेड़ की छांव कार्यकताओं को राहत दे रहा है। पलामू का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। लोग गर्मी से बेहाल हैं। भीषण गर्मी के बीच पलामू में 13 मई को वोटिंग होनी है। प्रचार खत्म होने में 96 घंटे से भी कम वक्त बचा है। जैसे-जैसे प्रचार का वक्त खत्म होता जा रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

गांव में जनसभा पेड़ के छांव में आयोजित हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णुदयाल राम, इंडी गठबंधन से राजद की प्रत्याशी ममता भुईयां, बसपा के कमेश्वर बैठा समेत नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सत्तू का शर्बत पूरे बिहार और झारखंड में चर्चित है।

जनसंपर्क और प्रचार अभियान के दौरान राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सत्तू की पोटली अपने साथ लेकर चल रहे हैं। जहां भी उन्हें मौका मिल रहा है कार्यकर्ता सत्तू का घोल तैयार कर इसका सेवन कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में सभा करने के लिए पेड़ की छांव ढूंढी जा रही है। पेड़ के छांव में जनसभा आयोजित की जा रही है। इस संबंध में कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद सिंह बताते हैं कि प्रचार अभियान के दौरान वे अपने साथ सत्तू रखते हैं। गर्मी से बचने के लिए मौका मिलने पर सत्तू का शर्बत का सेवन कर रहे हैं। सिर पर गमछा और सत्तू प्रचार अभियान में सहायक साबित हो रहा है। पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह का कहना है गर्मी में शरीर के लिए नमक और पानी महत्वपूर्ण होता है। सत्तू के साथ नमक और पानी शरीर के जरूरत को पूरा करती है। सत्तू पीने के बाद प्यास अधिक लगती है। यही वजह है लोग गर्मी में अधिक सत्तू पीते हैं। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी में शरीर में पानी का होना जरूरी है।

### छात्राओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**पाकुड़, सूत्रकार**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत के आह्वान पर हिरणपुर इकाई की छात्राओं ने मेहंदी लगाकर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इसका नेतृत्व हिरणपुर नगर की छात्रा प्रमुख भाग्यश्री कुमारी ने किया। छात्राएं हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। छात्राओं ने हाथों में वोट हमारा अधिकार, सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट फॉर नेशन आदि स्लोगन लिखकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। लोकसभा चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले भर में डोर-टू-डोर अभियान कर रही है। कार्यकर्ता अलग-अलग माध्यमों से मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मौके पर नगर सह मंत्री सुप्रिया कुमारी, नगर कला मंच प्रमुख बेहुला कुमारी, खुशबू कुमारी, छोटी कुमारी आदि मौजूद थे।

# चतरा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चतरा, सूत्रकार**



चतरा के इटखोरी थाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कांड में शामिल गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार लोगों के नाम है अमर भुइयां (पिता कारू भुइयां) ग्राम तेतुलिया भागलपुर कतरास जिला धनबाद, सचिन कुमार यादव (पिता शम्भू यादव) ग्राम कुबरी चौपारण, छोटन कुमार(पिता लेढो भुइयां)ग्राम डोइया चौपारण निवासी है।सभी को स्वास्थ्य जांच के बाद जेल भेज दिया गयाा। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि पांच मई की रात लगभग साढ़े 11 बजे बघमुंडी गांव निवासी सोनू कुमार, पिता बासुदेव दांगी के ससुराल नगवां निवासी चेतो दांगी के घर के से दो बाइक की चोरी हो गई थी। घटना को लेकर उसने 6 मई को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर पुलिस दल का गठन किया गया। उसके बाद छापामारी कर बाइक चोरों तक पहुंचा जा सका। मोटरसाइकिल की बरामदगी सरदारपुर के एक होटल तथा डोइया गांव से हुई है। जानकारी के अनुसार गिरोह के कुछ लोग फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जिन बाइक की बरामदगी हुई उनमें एक काला एवं लाल रंग का डीलक्स, बिना नंबर वाला काला एवं सिल्वर रंग का डीलक्स, बिना नंबर वाला काला एवं लाल रंग का स्प्लेंडर प्लस, स्प्लेंडर प्लस , लाल रंग का पल्सर है। छापामारी दल में थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह, अवर निरीक्षक विजय कुमार सिंह समेत पुलिस बल थे।

संपादकीय

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्टंटबाजी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था, जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की चुनावी स्टंटबाजी करार दिया। इससे बड़ी नालायकी और संवेदनहीनता क्या हो सकती है? यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को स्टंटबाजी करार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे जांबाज सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाकपरस्त और चीन-समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है।

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूडिय़ां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का कारगिल युद्ध याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को लंबा अतीत मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की नेशनल असेंबली (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं? जिस देश के पास खाने को रोटी नसीब नहीं है, विदेशों के कर्ज पर जिंदा है, वह एटम बम कैसे चलाएगा? बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोडऩे को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है! आज हमें नया कश्मीर दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी लाल चौक के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक पृथ्वी का जन्नत देखने आए हैं।

आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडट्टिवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जांबाज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे। इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की है। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर, तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए।

## इस भंवर के किनारे नहीं

कांग्रेस ने भले ही बागी विधायकों से निजात पा ली, लेकिन टिकटों के आबंटन में चुनावी अभियान रूठ कर बैठा रहा। लंबे अंतराल के बाद पहले तीन टिकटें और अब दो और चेहरे मिल गए, लेकिन धर्मशाला में पार्टी के भंवर अभी किनारे तक नहीं पहुंचे। पहली खेप के दो यात्री भाजपा के डिब्बे से उतरे थे, लेकिन उसके बाद अब तक घोषित पांच उम्मीदवारों में से तीन पर नया सिक्का उछाला जा रहा है। लाहुल स्पीति से अनुराधा राणा के सामने कल के कांग्रेसी और अब के भाजपाई रवि ठाकुर होंगे। ऐसे में बगावत का तीर चला चुके डा. रामलाल मार्कंडेय के पास ऐसे अस्त्र-शस्त्र रहेंगे जो किसी भी उम्मीदवार का तीया पांचा कर सकते हैं। वास्तव में अब ट्राइबल चुनाव हिमाचल की मुख्य धारा से अलग परिकल्पना का परिमार्जन है, यानी कौन किसके बगल में छुरी लेकर खड़ा है, यह अनुमान टेढ़ी खीर है। बड़सर का कांग्रेसी उधार अब एक नए चेहरे यानी सुभाष चंद को मिला है। यहां पार्टी की विरासत का वोट छीनकर इंद्रदत लखनपाल पहले ही अपनी बिसात बिछा चुके हैं, तो अब तसल्ली से चुने गए कांग्रेसी उम्मीदवार सुभाष चंद की ताजगी से अपने पुराने पेंच लड़ाएंगे। बहरहाल, कांग्रेस की करवटों में समय की सूइयां, चुनाव की पाबंदियां, सरकार की बुलंदियां और सबके सामने अपने ही रक्तचाप की हदबंदी है। प्रचार की सीमा रेखा को परास्त करती जुबानी जंग का प्रदर्शन अब होने लगा है, जबकि सियासत की भूमि पर चुनाव के पलड़े टूटे पड़े हैं। यह दीगर है कि कांग्रेस की रणनीति में नई आस्था, विश्वास और राष्ट्रीय प्रचार के झोंके प्रफुल्लित कर रहे हैं, लेकिन धर्मशाला के आंगन में विश्राम कर रही पार्टी को तैयार होने में देरी लग रही है। इसके अर्थों में पार्टी की असहजता व असमर्थता नहीं, बल्कि बागी हुए सुधीर शर्मा को पूरी तरह पस्त करने की किंकत्र्तव्यविमूढ़ता कहीं अधिक दबाव डाल रही है। जाहिर है इससे चार बार विधायक रहे सुधीर शर्मा का प्रभाव और गहरा व उनके प्रचार की सामग्री और विद्रोही हो जाएगी। विधायकों का बागीपन और उपचुनावों के विद्रोही तेवर बता रहे हैं कि कांग्रेस के आमने-सामने अपना ही परिवार का कोई न कोई हिस्सा टूट कर बिखरेगा। यह दांव बड़ा है और नुकसान भी कम नहीं होगा।

जैसे कि मुख्यमंत्री का अभियान लक्ष्य लेकर चला है, कांग्रेस के अपने पहाड़, अपनी घाटियां और अपनी मंजिलें तय हैं। अपने विधायकों के जरिए जमीन जोतने की तैयारी हो, विपक्ष से छीनकर नेता बदलने की बारी हो, नए चेहरों पर दांव भारी हो या आलाकमान के लिए आनंद शर्मा जैसा दिग्गज उतारने की सूची जारी हो, कांग्रेस भाजपा के लिए राहें मुश्किल बना सकती है। ये चुनाव कांग्रेस के महल की खिड़कियों के लिए हो रहे हैं और एक मुख्यमंत्री के कार्यकाल के लिए बार-बार याद किए जाएंगे। यह राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा की पटकथा पर लिखे हुए चुनाव हैं, इसलिए समीक्षाओं के हर पड़ाव पर काल, कत्र्तव्य और कर्मठता का वर्णन हो रहा है। कर्मठता थी, इसलिए बगावत के बावजूद कांग्रेस की सत्ता आबाद है। लोकतांत्रिक कत्र्तव्य की ढाल पर मुख्यमंत्री ने विद्रोह की लहरों से बारूद को अलग किया है। चुनावी काल में नेताओं का दलबदल, नए नेताओं का आगमन और दिग्गजों की प्रतिष्ठा का सवाल अगर छह उपचुनाव हैं, तो कांगड़ा में आनंद शर्मा, मंडी में विक्रमादित्य सिंह, कंगना व जयराम ठाकुर के लिए यह अपने-अपने प्रभुत्व की पहचान हैं। ये चुनाव कांग्रेस बनाम भाजपा तब तक थे, जब तक प्रत्याशी चुनने के रहस्य में पार्टियों का मंथन चरागाह बना हुआ था, लेकिन अब इस बारात में घोड़े भी होंगे, लेकिन कुछ भगौड़े जमीन पर होंगे। यह चुनाव का कालचक्र है, जिसमें हम भविष्य की जमीन पर अपने अरमानों के पांव को फिसलते हुए देख सकते हैं, वरना चुनाव की वजह में हर खिलाड़ी अपना ही ताला जड़ रहा है।

# भारत बसुधैव कुटुंबकम का प्रबल पक्षधर

**‘ बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा। हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन-जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। ’**

प्राचीन काल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' जैसा उदात्त विचार रखने वाले भारत को यदि कोई जेनोफोबिक यानी विदेशियों से द्वेष रखने वाला ठहराए, तो ये उसकी अपनी मर्जी है, खुदगर्जी है। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों वाशिंगटन में प्रवासियों की एक बैठक में जब यह कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक (विदेशियों से द्वेष वाली) प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है, तो दुनिया के थानेदार की रणनीतिक विवशता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। उनकी इस टिप्पणी के गहरे सियासी मायने हैं, जिन्हें वैश्विक कूटनीति के लिहाज से समझने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जब कुछ बोलता है तो वह अनायास नहीं होता, बल्कि रणनीतिक होता है, जिसके शब्द-शब्द में दुनियावी संघर्ष के सूत्र और पारस्परिक जद्दोजहद के भाव चतुराई पूर्वक गूंथे गए होते हैं।

बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा।

हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन-जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। वहीं, भूमंडलीकरण और नई आर्थिक नीतियों के चलते जब सोवियत संघ बिखर गया और रूस अपेक्षाकृत कमजोर पड़ गया तो अमेरिका ने भारत पर भी डोरे डाले और रूस-चीन की नजदीकियां बताकर भारत



के अभिन्न मित्र बनने का स्वांग रचने लगा। इन तमाम रणनीतिक कसरतों के पीछे अमेरिका का सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य है कि वह दुनिया का थानेदार बना रहे।

वहीं, बदलते वैश्विक परिवेश में जब भारत में मोदी सरकार आई और पिछले एक दशक में ताबड़तोड़ रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लेते हुए भारतीय गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को मजबूती पूर्वक अपनाए रखा और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में भारतीय हितों को तरजीह देना शुरू किया तो अमेरिका, चीन और रूस का नजरिया भारत के प्रति बदलने लगा। फ्रांस और जापान से भारत के मजबूत रिश्ते भी कइयों को चुभने लगे। यह कड़वा सच है कि एक तरफ रूस यूक्रेन में अमेरिकी चाल में फंस गया तो दूसरी तरफ चीन ताइवान में फंसने को तैयार बैठा है, जबकि भारतीय नेतृत्व ने सूझबूझ से काम लिया और चीन-पाकिस्तान से जुड़े अमेरिकी गेम प्लान में फंसने से इंकार कर दिया। यहीं से अमेरिकी नेतृत्व भारत से चिढ़ने लगा और हाल के दिनों में अपनी अटपटी बयान बाजियों से यह संकेत देने लगा कि वह भारत और उसके मित्र जापान को भी रूस और चीन के तराजू पर ही तौलना चाहता है, जो उसकी रणनीतिक भूल है। भारत का मित्र देश इजरायल जब फिलिस्तीन संघर्ष में उलझा तो अमेरिकी इफ एंड बट से उसे मजबूती नहीं बल्कि कमजोरी मिली। इससे साफ है कि एक मित्र के रूप में दुनिया का थानेदार अमेरिका किसी का भरोसेमंद नहीं है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक उसकी चालें किसी से छिपी हुई नहीं हैं।

ऐसे माहौल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अर्थव्यवस्था के बहाने ही सही, लेकिन भारत समेत रूस, चीन और जापान पर निशाना साधना यह जाहिर करता है कि रूस से लेकर चीन तक और ईरान से लेकर अफ्रीका तक विभिन्न मोर्चे पर घिरे अमेरिका के पास अब मित्रों के साथ शत्रुओं सरीखा व्यवहार करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसा इसलिए कि उसके मित्र देश अमेरिकी हथियार लॉबी की चालों में अब और फंसना नहीं चाहते। शायद इसलिए उन्हें प्रवासियों की याद आई है, जो अमेरिका के चुनाव में इस बार भी अहम भूमिका निभाने को बेताब नजर आ रहे हैं।

इन प्रवासियों को ही सम्बोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, ₹आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। हम इसके बारे में सोचते हैं। ऐसा इसलिए कि प्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। यह कोई मजाक नहीं है। यह अतिशयोक्ति नहीं है। हमारे पास ऐसे श्रमिकों की आमद है, जो यहां रहना चाहते हैं और सिर्फ योगदान देना चाहते हैं।

गौरतलब है कि प्रवासियों का आना अमेरिकी राजनीति में प्रमुख मुद्दा है। नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में यह निश्चित रूप से अहम भूमिका निभाएगा। आंकड़े बताते हैं कि 2021 के बाद से प्रतिवर्ष 20 लाख लोग अवैध रूप से सीमा पार कर अमेरिका में घुसे हैं। अवैध प्रवासियों के आने का यह अब तक का उच्चतम स्तर है। वहीं, अमेरिकी नेतृत्व को यह पता होना चाहिए कि उनके देश में प्रवासी भारतीयों की भी अच्छी खासी तादात है। इसलिए भारत और जापान के बारे में उनको वैसी राय नहीं रखनी चाहिए, जैसा कि वो रूस और चीन के बारे में रखने को आदि हो चुके हैं। अमेरिका का दूरगामी हित इसी बात में निहित है।

# नई सांस था कोरोना टीका

**‘कोरोना वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। ’**

पकोरोना वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे दुर्लभ प्रभाव भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही साइड इफेक्ट का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें कोविशील्ड टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें कोवैक्सीन टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को नई सांस दी थी। भारत




जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है।

भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में टीटीएस सिंड्रोम कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडऩा, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी अर्द्धसत्य ही थे। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे।

शमशान में जगह कम पड़ी, तो लाशों को नदी में बहा दिया गया। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिराधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं, जबकि कोरोना खत्म हुए और टीकाकरण का अभियान सम्पन्न हुए 2 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। जो होना था, वह हो चुका, शेष अतीत हो गया।

## उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान्‍ आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है।

भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है।

### चिंतन-मनन

उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान्‍ आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान्‍योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है।

उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ।

### आपके पत्र

## घटते पेड़ बढ़ती गर्मी का कारण

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में लू परेशान करती है। कभी कभी लू स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर डालती है और यह हमें बीमार भी कर सकती है। इसलिए दोपहर को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को भी स्कूल टाइम में चेंज करना चाहिए। देश के कुछ राज्यों में कहीं-कहीं लू भी चलने लगी है। जिस तरह गर्मी ने अभी से अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू किए हैं, इससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल नहीं है कि भविष्य में हमें गर्मी और ज्यादा परेशान करेगी। आज से कुछ समय पहले एसी और कूलर नाममात्र के होते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी ने इसमें भी इजाफा कर दिया है। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही, तो क्या आने वाले समय में एसी भी गर्मी से बचाने में हमारी मदद कर पाएंगे?

-राजेश कुमार चौहान, सुजानपुर टीहरा

न्यूज फ्लैश

## पीएम मोदी के रोड शो में शामिल हो सकते हैं सीएम नीतीश

**पटना, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को पटना में रोड शो करने वाले हैं। भाजपा की ओर से उसकी तैयारी शुरू हो गई है। किसी प्रधानमंत्री का राजधानी पटना में पहली बार रोड शो होने जा रहा है। इसके बाद से राजनीतिक गलियारे में इस बात की चर्चा हो रही है कि क्या इस रोड शो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। जदयू एमएलसी संजय गांधी ने संकेत दिये हैं सीएम शामिल हो सकते हैं।

सीएम के शामिल होने की संभावनाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले जदयू एमएलसी संजय गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के रोड शो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल होंगी ऐसी संभावना है। उन्होंने कयास लगाये कि मुख्यमंत्री को शामिल होंगे। यहां, बता दें कि जेडीयू की ओर से इस बारे में आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की गयी है। संजय गांधी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 11 मई से एक बार फिर से प्रचार अभियान शुरू होगा। पिछले दो दिनों से मुख्यमंत्री की एक भी चुनावी सभा नहीं हुई है।

पीएम के रोड शो की तैयारीः पीएम मोदी एनडीए के लिए लगातार सभा और रोड शो कर रहे हैं। पीएम मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। रोड शो के जरिए पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा सीट को साधने की कोशिश करेंगे। रोड शो में दोनों निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होने वाला है। 12 मई की शाम वह बेली रोड से चलकर आएंगे और पूरे डाक बंगला के इलाका में रोड शो होगा।

पीएम अबतक कर चुके हैं पांच दौराः लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री अब तक पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 7 जनसभा भी। चार जनसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए हैं। जबकि तीन सभा जो कि गया, पूर्णिया और दरभंगा में हुई उसमें मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए थे। अब प्रधानमंत्री 12 मई को पटना में रोड शो के साथ 13 मई को हाजीपुर और सारण सहित तीन बड़ी जनसभा भी करेंगे। प्रधानमंत्री का 2 दिनों का कार्यक्रम है। जदयू नेताओं के अनुसार मुख्यमंत्री पटना में पीएम के रोड शो और जनसभा में भी शामिल हो सकते हैं।

## पटना संग्रहालय में लगी आग से मची अफरा तफरी

**पटना, एजेंसी**

तेज गर्मी के कारण गांव से लेकर शहर तक आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बुधवार को राजधानी पटना के कोतवाली थाना इलाके में स्थित पुराने पटना संग्रहालय में अचानक आग लग गयी। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि खबर मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

संग्रहालय में चल रहा है रिनोवेशन का कामः दरअसल, ओल्ड पटना म्यूजियम में इन दिनों रिनोवेशन का काम चल रहा है। ओल्ड मयूजियम और न्यू म्यूजियम को एक-दूसरे से अंडरग्राउंड कनेक्ट किया जा रहा है। इसी कार्य के दौरान अचानक आग लग गयी। देखते-देखते आग तेज हो गयी जिससे वहां काम कर रहे लोगों के साथ-साथ आसपास भी दहशत पैदा हो गयी।

फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबूः आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गईं और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।अग्निशमन विभाग के आईजी सुनील कुमार नायक ने मौके पर पहुंचकर आग का जायजा लिया और बताया कि शॉर्ट सर्किट या वेल्डिंग के कारण आग लगी और कोई हताहत नहीं हुआ है।

लगातार आ रही हैं आग लगने की खबरेंः राजधानी पटना में हाल के दिनों में आग लगने की कई बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। पटना रेलवे जंक्शन के पास तो पाल होटल में लगी भीषण आग में बड़े पैमाने पर क्षति हुई थी और कई लोगों की मौत भी हो गयी थी। इसके अलावा बुद्धा कॉलेनी और चितकोहरा पुल के पास भी आग से कई झोपड़ियां जलकर राख हो गयी थीं।

## चिराग पासवान का तेजस्वी यादव पर हमला, पीएम के बदले अपने उम्मीदवारों पर दें ध्यान

**पटना, एजेंसी**



लोकसभा चुनाव के बीच पक्ष और विपक्ष के नेता एक दूसरे पर वार और पलटवार कर रहे हैं। तेजस्वी यादव लगातार यह दावा कर रहे हैं कि केंद्र की सत्ता से एनडीए की विदाई तय है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। तेजस्वी यादव के इस दावे पर लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने तंज किया है। चिराग पासवान ने कहा है कि तेजस्वी यादव प्रधानमंत्री पर ध्यान देने के बदले अपने उम्मीदवारों की जमानत बचाने पर ध्यान देते तो बेहतर था।

चिराग पासवान ने कहा है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, इसमें कहीं कोई शक नहीं है। विपक्ष के नेता जितना ध्यान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देते हैं, अगर उतना ध्यान अपने उम्मीदवारों पर दिया होता, तो शायद जमानत जब्त होने से बच जाती। व्यर्थ की बातों को मुद्दा बनाने में जितना समय खर्च करते हैं, अगर बिहार के लोगों को चिंता कर लेंगे और उनसे जुड़े विषय उठा लेंगे तो संभवतः इनके प्रत्याशियों का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर जरूर हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर चरण के चुनाव में बिहार आ रहे हैं। 12 मई को आ रहे हैं, यहां रूकेंगे भी और फिर 13 मई को उनका कार्यक्रम होगा, लेकिन विपक्षी गठबंधन के जितने राष्ट्रीय नेता हैं वह लोग कहां हैं। क्या उनके लिए बिहार और बिहारी कोई मायने नहीं रखता है। कांग्रेस के कितने बड़े नेता हैं, जो बिहार आए लेकिन प्रधानमंत्री होने के बावजूद नरेंद्र मोदी इतना समय बिहार और बिहारियों को दे रहे हैं। यह बिहारियों के प्रति उनकी चिंता को जाहिर करता है।

## दारोगा से धक्का-मुक्की, जवान से हथियार छीनने के प्रयास में तीन गिरफ्तार

**शाहकुंड, एजेंसी**

थाना में पदस्थापित दारोगा दिब्या कुमारी के साथ मकंदपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट के विवाद सुलझाने के क्रम में एक पक्ष के आक्रोशित लोगों ने दारोगा और पुलिस जवान से धक्का मुक्की और हथियार छीनने का प्रयास किया। दारोगा दिब्या कुमारी ने मकंदपुर गांव के छह लोगों पर नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मकंदपुर गांव के बबलू यादव, रघुवंश यादव, सप्तऋषि यादव को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन आरोपित निर्मल यादव, मणिकांत यादव व हरिवंश यादव फरार हैं। सोमवार को थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि मकंदपुर गांव में दो पक्षों में विवाद में दो पक्षों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार से मारपीट की घटना हो रही है। थानाध्यक्ष गश्ती में गयी दारोगा को विवाद सुलझाने के लिए मकंदपुर गांव भेजा। दारोगा स्थल पर पहुंची, तो पाया कि छोटू यादव उर्फ खाटो यादव के साथ दूसरे पक्ष के लोग मारपीट कर रहे हैं। दारोगा ने विवाद सुलझाने का प्रयास किया, तो एक पक्ष के 10-12 लोगों ने दारोगा का कॉलर पकड़ धक्का-मुक्की कर खींचने लगे। आरोपितों ने सिपाही मनोज कुमार के हाथ से एसएलआर छिनने का प्रयास किया। आरोपितों की इस हरकत को देख दारोगा और जवान असहज महसूस करने लगे। आरोपितों से घिरे दारोगा ने मामले की सूचना थानाध्यक्ष को दी। सूचना पर शाहकुंड थाने से अतिरिक्त पुलिस बल भेज तीन लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने बताया कि पुलिस से धक्का मुक्की, दुर्व्यवहार व सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में तीन आरोपितों को जेल भेजा गया है। फरार लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। अकबरनगर में एसपी सिंगला कंपनी के हाइवा से धक्का से रसीदपुर गांव के रिटायर दारोगा मो रसीद आलम की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों के सड़क जाम मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

# पटना में दो दिनों तक डेरा डालेंगे मोदी, पहली बार कोई पीएम बिहार की राजधानी में करेंगे रोड शो

**पटना, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 के तीन चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। प्रचार प्रसार अभियान जोर शोर से चल रहा है। पीएम मोदी एनडीए के लिए लगातार सभा और रोड शो कर रहे हैं। पीएम मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। रोड शो के जरिए पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा सीट को साधने की कोशिश करेंगे। दोनों निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहेंगे।

भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस कीः बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज 8 मई को प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में रोड शो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होने वाला है। 12 मई की शाम वह बेली रोड से चलकर आएंगे और पूरे डाक बंगला के इलाका में रोड शो होगा।

कार्यकर्ता कर रहे हैं तैयारीः भाजपा के लिए मिशन 2024 बड़ी चुनौती है बिहार के सभी 40 सीट जीतने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। प्रधानमंत्री मोदी अब तक बिहार में पांच चुनावी सभा कर चुके हैं। चुनाव प्रचार अभियान में और तेजी लाई जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर बिहार बीजेपी तैयारी में जुट गई है। प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। राजधानी पटना के दोनों निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद और रामकृपाल यादव रोड शो की तैयारी को लेकर सक्रिय भूमिका में हैं।



बिहार की झलक दिखेगीः सम्राट चौधरी ने कहा कि पूरे प्रदेश को यह संदेश देने का किया जाएगा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में भारत के विकास के लिए, भारत की समृद्धि के लिए भारत के संविधान को बचाने के लिए काम किया है। आरक्षण की व्यवस्था और सुदृढ करने का काम किया है। ये सारे चीज उस रोड शो के माध्यम से बताया जाएगा। बिहार के लोगों ने जो तैयारी की है, उसकी झलक भी दिखेगी।

ऐतिहासिक होगा रोड शोः पटना साहिब सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि मैं इतिहास खंगाल रहा था। अभी तक किसी प्रधानमंत्री ने पटना में रोड शो नहीं किया है। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर हम लोग तैयारी में जुटे हैं। रोड शो में लाखों की संख्या में लोग जुड़ेंगे। पाटलिपुत्र सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो ऐतिहासिक होने जा रहा है। पाटलिपुत्र की जनता भी लाखों की संख्या में पहुंचेगी और प्रधानमंत्री के रोड शो में शामिल होगी।

## बिहार में बारिश ने मचाई तबाही, 24 घंटे में ठनका गिरने से 5 की मौत, 12 झुलसे

**पटना, एजेंसी**

बिहार में मौसम के करवट लेने से चिलचिलाती गर्मी से लोगों को भले ही निजात मिल गई हो लेकिन अब तेज बारिश और आंधी ने जीना मुहाल कर दिया है। आसमान से बरसती आफत ने चारों तरफ तबाही मचा रखी है। बुधवार को लगभग 10 जिलों के लिए बारिश और वज्रपात का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। पिछले 24 घंटे में बिहार के विभिन्न जिलों में ठनका गिरने से 5 लोगों के मौत की सूचना है।

गया में दो और पूर्वी चंपारण में 1 की मौतः गया में ठनका गिरने से दो की मौत हो गई है जबकि 10 लोग झुलस गए हैं। मृतकों की पहचान सरोज देवी (54 वर्षीय) निवासी ग्राम बारा बैजदा, विश्वनाथ यादव (45 वर्षीय) निवासी ग्राम डंगरा) के रूप में हुई है। वहीं पूर्वी चंपारण में एक की मौत हो गई है।

नवादा में 1 युवक की मौतः वहीं नवादा में तेज आंधी और पानी के बाद वज्रपात हुई ,जिसमें एक युवक की मौत हो गयी है। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है, जहां परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। घटना नवादा जिले के थाली थाना क्षेत्र के एकतारा गांव हुई है। मृतक की पहचान एकतारा गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी का पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है।

नालंदा में 1 महिला की मौतः बिहार थाना क्षेत्र के इमादपुर मोहल्ले में एक महिला के ऊपर दीवार गिर गयी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बताया कि वह गौशाला में रखे मवेशी के गोबर को दीवार पर सुखाने के लिए ठोक रही थी तभी तेज आंधी की वजह से दीवार महिला के ऊपर गिर गयी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान बिहार थाना क्षेत्र इमादपुर निवासी मो नसीम की 45 वर्षीय पत्नी सलमा खातून के तौर पर हुई है।

शिवहर में एक की मौतः वहीं शिवहर प्रखंड के ऊकनी वार्ड नंबर 9 निवासी विश्वनाथ साह के 25 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र साह की मौत ठनका (व्रजपात) गिरने से हो गई है। बताया गया है कि मृतक सुरेंद्र साह शौच करने के लिए खेत में गया हुआ था, तभी आसमान से ठनका मौत बनकर उसके ऊपर गिरा। आनन-फानन में परिजन उसे सरोजा सीताराम सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सहरसा में ई-रिक्शा चालक की मौत, दो जख्मीः सहरसा में तेज आंधी के कारण पेड़ गिरने से ई-रिक्शा चालक उसकी चपेट में आ गया और दबकर उसकी मौत हो गई। जबकि एक महिला और पुरुष जख्मी हो गए। जख्मी दोनों सब्जी बेच रहे थे। घटना सदर थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा मोर के पास की है।

## अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज

**पटना, एजेंसी**

हाल ही में पैरोल पर जेल से बाहर आये मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह को बड़ा झटका लगा है। अनंत सिंह की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका को पटना हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस एनके पांडे की एकल पीठ ने यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने यह आदेश अनंत सिंह के आपराधिक इतिहास को देखते हुए दिया है।

**क्या है मामला :** दरअसल ये पूरा मामला सचिवालय थाने का है। जिसमें निचली अदालत ने कांड संख्या 54 / 2015 की सुनवाई करते हुए अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-ए), 26 (2) / 35 के तहत 10 साल सश्रम कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-ए) / 35 के तहत 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था।



इसी मामले में अनंत सिंह की ओर से नियमित जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन शाही ने दलीलें पेश कीं। वहीं अधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने राज्य सरकार का पक्ष अदालत के समक्ष रखा। इस मामले की अगली सुनवाई 4 जुलाई 2024 को होगी।

**15 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं अनंत सिंह :** बता दें कि अनंत सिंह रविवार (5 मई) को पटना के बेउर जेल से 15 दिनों के पैरोल पर बाहर आये थे। अनंत सिंह को यह पैरोल पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के लिए दी गई है। जेल से बाहर आते ही अनंत सिंह का उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया और उन पर जेसीबी से फूल बरसाए।

जेल से बाहर आकर अनंत सिंह ने मुंगेर लोकसभा से एनडीए की ओर से जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह की जीत का ऐलान किया। अनंत सिंह मोकामा से छह बार विधायक रह चुके हैं। फिलहाल उनकी पत्नी नई देवी मोकामा से विधायक हैं। मोकामा विधानसभा क्षेत्र मुंगेर लोकसभा के अंतर्गत आता है।

## टोटो चालकों को मिलेगा परमिट का पत्र

**पटना, एजेंसी**

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से दस मई से कोडिंग के अनुसार विभिन्न रूटों पर टोटो के परिचालन की घोषणा प्रशासन ने की है। इतने कम समय में सभी टोटो रिक्शा की कोडिंग करने में परेशानी को देखकर प्रशासन ने संबंधित रूटों के लिए परमिट का पत्र देने का निर्णय लिया गया है। पत्र देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादा कर्मियों को लगा कर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जल्द से जल्द परमिट पत्र का वितरण कर दिया जाएगा। हर हालत दस मई से नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जायेगी। जिसमें टोटो का परिचालन उसके निर्धारित रूट पर ही कराया जाएगा। ततारपुर से स्टेशन चौक तक इन दिनों वनवे ट्रैफिक का परिचालन कराया जा रहा है। बड़े और भारी वाहनों को सिर्फ ततारपुर से स्टेशन परिचालन की अनुमति दी जा रही है। जबकि सिर्फ दो पहिया वाहनों को ही स्टेशन से ततारपुर परिचालन की अनुमति दी जा रही है। उक्त नियम का पालन कराने के लिए पोस्ट पर पुलिस कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### वैशाली में एलजेपीआर प्रत्याशी वीणा देवी का विरोध

## ग्रामीणों ने सांसद को गाड़ी से उतरने नहीं दिया



**वैशाली, एजेंसी**

बिहार के वैशाली लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी और सांसद वीणा देवी को मीनापुर में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद ग्रामीण और प्रत्याशी समर्थक आपस में उलझ गए और जमकर नोकझोंक हुई। इस घटना का वीडियो सामने आया है। बताया गया कि लोगों ने सड़क नहीं बनने को लेकर विरोध किया था।

एलजेपीआर कैंडिडेट वीणा देवी का विरोधः लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान प्रत्याशियों को आम जनता का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। ताजा मामला वैशाली लोकसभा क्षेत्र से लोजपा प्रत्याशी वीणा देवी से जुड़ा है। बताया जाता है कि नाराज लोगों ने लोजपा प्रत्याशी को गाड़ी से नहीं उतरने दिया। हंगामा के दौरान समर्थक भी आपस में उलझ पड़े। विरोध को देखते हुए वीणा देवी को गाड़ी आगे बढ़ाना पड़ गया।

वोट मांगने पहुंची थी वीणा देवीः बताया जाता है कि यह मामला मीनापुर विधानसभा क्षेत्र के चांद परणा पंचायत का है। मंगलवार शाम को वीणा देवी वहां अपने पक्ष में वोट मांगने पहुंची थी। सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने वीणा देवी की गाड़ी को घेर लिया और हंगामा करने लगे। इस दौरान वीणा देवी अपनी सफेद गाड़ी में बैठी रह गईं और जनता ने उनको गाड़ी से नीचे उतरने तक नहीं दिया। इससे वहां अफरातफरी की स्तिथि बन गई। उनके समर्थक विरोध कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। जिसके बाद उनकी गाड़ी आगे बढ़ी।

मुन्ना शुक्ला और वीणा देवी में सीधी टक्करः वैशाली हॉट सीट बनी हुई है। यहां 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। वैशाली में एनडीए की ओर से लोजपा रामविलास की प्रत्याशी वीणा देवी और आरजेडी कैंडिडेट बाहुबली मुन्ना शुक्ला के बीच सीधी टक्कर है। मुन्ना शुक्ला यहां से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन जीत कभी नहीं मिली। एक बाद जेडीयू के टिकट पर मैदान में उतरे। अब वे तीसरी बाद आरजेडी के सिंबल पर वैशाली से कैंडिडेट हैं।

## गोपालगंज में संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, पाटीदारों से हुआ था विवाद

**गोपालगंज,एजेंसी**

बिहार के गोपालगंज जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां जिले के भोरे थाना क्षेत्र के खलवा खरवना गांव में संदिग्ध हालत में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

भोरे थाना क्षेत्र का मामलाः मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के खलवा खरवना गांव निवासी मुन्ना सोनी के 40 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी के रूप में की गई। बताया जा रहा कि 15 अप्रैल को महिला का अपने पटीदारों से विवाद हुआ था, जिसके बाद महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है।

शौच को लेकर हुआ था विवादः वहीं, इस संदर्भ में मृतका के परिजन ने बताया कि पिछले 15 अप्रैल को घर के पास शौच करने का विरोध करने पर पाटीदारों ने उर्मिला देवी के पति मुन्ना सोनी के साथ मारपीट की थी। अपने पति के साथ हो रहे मारपीट



में बीच बचाव करने पहुंची महिला को उसके चचेरी सास ने दांत काट लिया और उसकी भी पिटाई कर दी थी।

इलाज के दौरान हुई मौतः इस हिंसा में दांत काटने से महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। वहीं, जख्मी अवस्था में उसे तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति में सुधार ना होते देख गंभीर स्थिति में डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन गोरखपुर जाने के दौरान महिला की मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## सारण डीएम ने निकली साइकिल रैली, लोगों से की वोट की अपील

**छपरा, एजेंसी**

बिहार के छपरा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। पूरे जिले में अधिक से अधिक लोग मतदान के दिन घर से निकले और अपने मत का प्रयोग करें इसके लिए साइकिल रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में डीएम ने कहा कि वोट करना बेहद जरूरी है। वोटिंग से ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होगी।

राज्य सरकार लगातार प्रयासरतः दरअसल, बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा रैली, बच्चों की प्रतियोगिताएं, रंगोली समेत अन्य कार्यक्रम के जरिए अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

कई कार्यक्रमों का आयोजनः ऐसा



ही कुछ हाल बिहार के छपरा में भी है। जहां सारण जिला प्रशासन भी लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कई रैलियां भी निकली जा रही हैं। इसी कड़ी में आज सारण जिला प्रशासन द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली का नेतृत्व सारण डीएम अमन समीर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव मंगला, और नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा किया गया।

स्कूली बच्चे भी रहे शामिलः इस साइकिल रैली में जिलाधिकारी और सभी अधिकारियों द्वारा स्वयं साइकिल चलाकर नगर भ्रमण किया गया। इसके पहले यह साइकिल रैली छपरा के राजेंद्र स्टेडियम से शुरू हुई और पूरे शहर में भ्रमण करती हुई वापस राजेंद्र स्टेडियम पहुंची। इस साइकिल रैली में कई स्वयंसेवी संस्था समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल रहे।

मतदाताओं को दी जाएगी सुविधाः बता दें कि सारण लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी कर रखी है। गर्मी को देखते हुए जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर के निदेर्शानुसार जहां धूप का ज्यादा प्रभाव हो रहा वैसे सभी मतदान केंद्रों पर शामियाना, पंडाल आदि की सुविधा के साथ-साथ शुद्ध शीतल पेयजल और दिव्यांग के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाएगी। मतदाता को किसी भी प्रकार की कठिनाई ना हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

## नप ने सॉफ्टवेयर निर्माण को लेकर एजेंसी से लिया सुझाव

**सुलतानगंज, एजेंसी**

नप क्षेत्र में टैक्स कलेक्शन को लेकर ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया पर पहल शुरू हो गया है ।लोगों को टैक्स कलेक्शन की राशि भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा मिलेगी। सामान्य बोर्ड बैठक में लिये प्रस्ताव पर नगर परिषद का अपना सॉफ्टवेयर बनाने की स्वीकृति दी गयी थी। होल्डिंग टैक्स एसेसमेंट, ट्रेड लाइसेंस, नक्शा पास, जन्म-मृत्यु सहित जनकल्याणकारी योजना का लाभ लाभुकों को सुगम रूप से मिले, इसे देखते हुए नगर परिषद अपना सॉफ्टवेयर निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दिया है। नप के मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डू, कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने एजेंसी के कर्मी के साथ विचार विमर्श किया। मुख्य पार्षद ने बताया कि सॉफ्टवेयर निर्माण को लेकर एजेंसी से सुझाव लिया गया है।

न्यूज फ्लैश

### जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को आज 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी गिरफ्तारी चार मई को एसआईटी के अधिकारियों ने की थी। उनके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। गौरतलब है कि एक महिला ने उनपर अपहण का केस दर्ज कराया था। उनके बेटे प्रज्व्वल रेवन्ना पर दुष्कर्म का आरोप भी महिला ने लगाया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना को अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनपर एक रेप विक्टिम के अपहरण का केस पीड़िता के बेटे ने दर्ज कराया है। एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्व्वल रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगा है। प्रज्व्वल रेवन्ना दूसरे फेज की वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए हैं, जहां से अबतक उनके वापस आने की कोई सूचना नहीं है। जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को आज 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी गिरफ्तारी चार मई को एसआईटी के अधिकारियों ने की थी। उनके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। गौरतलब है कि एक महिला ने उनपर अपहण का केस दर्ज कराया था। उनके बेटे प्रज्व्वल रेवन्ना पर दुष्कर्म का आरोप भी महिला ने लगाया है। एचडी रेवन्ना ने मंगलवार को तबीयत खराब होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां उनकी सब रिपोर्ट नॉर्मल आई, जिसके बाद उन्हें वापस एसआईटी के हेडक्वार्टर भेज दिया गया। कोर्ट में एचडी देवगौड़ा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा था कि जब उन्हें आठ मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, तो हम उनकी जमानत याचिका पर आज सुनवाई कैसे कर सकते हैं। पीड़िता और उसका बेटा राजू एचडी रेवन्ना के फॉर्महाउस और घर पर काम करते थे। लेकिन कुछ समय पहले वे अपने गांव लौट गए थे, लेकिन एचडी रेवन्ना का सहयोगी सतीश उसकी मां को जबरदस्ती वापस लेकर गया था। कुछ दिन बाद राजू को यह पता चला कि उसकी मां का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यौन शोषण की बात सामने आई है। राजू ने दो मई को मामला दर्ज कराया था, लेकिन उससे पहले ही प्रज्व्वल रेवन्ना देश छोड़कर जर्मनी चले गए हैं। उनके जाने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह आग्रह है किया है कि वे विदेश मंत्रालय को यह आदेश दें कि वह प्रज्व्वल रेवन्ना को जारी डिप्लोमेटिक पासपोर्ट को रद्द करें। प्रज्जव रेवन्ना का वीडियो सामने आने के बाद उसे पार्टी से निलंबित कर दिया गया है।

### उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, आग की वजह से एक फीसदी से भी कम वन्यजीव प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को उत्तराखंड सरकार ने राज्य के जंगल में लगी आग पर काबू पाने के बारे में जानकारी दी। राज्य सरकार ने बताया कि सिर्फ 0।1 प्रतिशत वन्यजीव इस आग से प्रभावित हुए हैं। हालांकि मीडिया के कुछ वर्गों ने बताया कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा था, जो पूरी तरह से भ्रामक था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगन की 398 घटनाएं हुई हैं और वह सभी मानव निर्मित हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को नामित किया गया है। वकील ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि पहाड़ में वन्यजीव इलाके का केवल 0।1 प्रतिशत भाग ही आग की चपेट में हैं। राज्य सरकार ने जंगल की आग के मुद्दे पर अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट रखते हुए, जंगल की आग से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में भी पीठ को जानकारी दी। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट रखते हुए बताया कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इस बारे में निवारक उपाय करने पड़ेंगे। मामले में कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख तय की है।

### सीएम धामी ने वनाग्नि में लापरवाही बरतने वाले 10 अफसर कर्मचारियों को किया सस्पेंड, 7 अन्य पर भी कार्रवाई

**देहरादून, एजेंसी**

उत्तराखंड राज्य में इन दिनों वनाग्नि, चारधाम यात्रा और पेयजल आपूर्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन चुनौतियों से पार पाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन की न सिर्फ जानकारी ली, बल्कि वनाग्नि पर लगाम लगाने, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने और चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीएम ने वनाग्नि की घटना में लापरवाही बरतने वाले 17 अधिकारियों और कर्मचारियों के सस्पेंशन के आदेश दिए हैं। 10 लोगों को निलंबित किया है, 5 लोगों को संबद्ध और 2 अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के जंगलों में लगी आग, एक बड़ी समस्या और चुनौती बनी हुई है। इसकी समीक्षा के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को फील्ड में जाने को निर्देश दिए गए थे। ऐसे में अधिकारी फील्ड में जाकर वहां से काम कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम से आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी



**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में उस स्थान के पास बुधवार को आतंकवादी और सुरक्षा बलों के बीच ताजा गोलीबारी हुई, जहां पिछले दिन मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल के पास के घरों की तलाशी के दौरान बलों और वहां छिपे एक आतंकवादी के बीच ताजा गोलीबारी हुई। फिलहाल इलाके की घेराबंदी किए जाने के साथ ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालात को देखते हुए सुरक्षबलों के द्वारा अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी जारी थी। बता दें कि मंगलवार को कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के वांछित आतंकवादी बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए थे। बता दें कि 4 मई को भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद सुरनकोट से जर्रान वली गली क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आतंकवादियों की गोलीबारी में वायु सेना के एक जवान शहीद हो गया था वहीं चार अन्य घायल हो गए थे। इलाके की घेराबंदी करने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आतंकवादियों के द्वारा गोलीबारी किए जाने पर सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा के टाप कमांडर समेत दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया था।

## राहुल गांधी और कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, कहा

# अदाणी-अंबानी की माला जपना क्यों बंद कर दिया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला किया। पीएम मोदी ने तेलंगाना के करीमनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कि कल, देश में तीसरे चरण का चुनाव पूरा हो गया। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया। विपक्ष ने पहले ही हार मान ली है क्योंकि लोगों ने भाजपा को रिकॉर्ड संख्या के साथ आशीर्वाद देने का फैसला किया है। तेलंगाना के करीमनगर में मंच से बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि परिवार पहले की इस नीति के कारण कांग्रेस ने पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव का अपमान किया। पीएम मोदी ने कहा कि यहां तक कि उनकी मृत्यु के बाद भी उन्होंने उनके शव को कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश देने से इनकार कर दिया। बीजेपी-एनडीए सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देकर उनका सम्मान किया। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी पहले राष्ट्र के सिद्धांत पर चलती है, लेकिन कांग्रेस और बीआरएस के लिए पहले परिवार है। उन्होंने बीआरएस पर जमकर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना से लेकर दिल्ली तक डबल आर (आरआर) टैक्स को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले आरआरआर नाम की एक फिल्म रिलीज हुई थी। तेलुगु भाषा में किसी ने मुझे बताया कि आरआरआर ने कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि खबर है कि आरआरआर का लाइफटाइम कलेक्शन 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा है, लेकिन इतनी रकम महज कुछ दिनों का कलेक्शन है। पीएम मोदी ने कहा कि करप्शन कांग्रेस और बीआरएस का कॉमन कैरेक्टर है। ये दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। लेकिन, पर्दे के पीछे से दोनों एक ही करप्शन सिंडिकेट का हिस्सा हैं।

## जेपी नड्डा, अमित मालवीय और बीवाई विजयेंद्र को बेंगलुरु पुलिस ने किया तलब



**बेंगलुरु, सूत्रकार**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को आपत्तिजनक 'एक्स' पोस्ट मामले में बेंगलुरु पुलिस ने नोटिस जारी किया है। नड्डा, अमित मालवीय और विजयेंद्र को बेंगुलुरु पुलिस के सामने पेश होने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। कर्नाटक बीजेपी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर 4 मई को आपत्तिजनक पोस्ट पोस्ट की गई थी। इस विवादित पोस्ट के खिलाफ केपीसीसी के मीडिया और कम्युनिकेशन हेड रमेश ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को लेकर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए उक्त वीडियो में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के एनिमेटेड चरित्र दिखाए गए हैं। इस वीडियो क्लिप में कथित तौर पर कांग्रेस को आरक्षण की राजनीति में मुसलमानों का पक्ष लेते हुए दिखाया गया है। कर्नाटक बीजेपी की तरफ से पोस्ट किए गए इस वीडियो में राहुल गांधी और सीएम सिद्धारमैया को एससी, एसटी और ओबीसी की तुलना में मुसलमानों को अधिक धन मुहैया कराते हुए दिखाया गया है। अब हाई ग्राउंड्स पुलिस ने जेपी नड्डा, विजयेंद्र और अमित मालवीय को नोटिस जारी कर सुनवाई में शामिल होने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि उक्त मामले की जांच के उद्देश्य से, आपको (नड्डा, मालवीय, विजयेंद्र) इस नोटिस की प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में सुबह 11 बजे अंडर साइंड इनवेस्टिगेशन ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

### अनुराग का एक ही लक्ष्य गांधी परिवार की आलोचना करना : संदीप संख्यान

**हमीरपुर, एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर संदीप संख्यान ने भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने पूछा है की हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विकास में उनका आखिर योगदान रहा क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे इस क्षेत्र की जनता के साथ सेलिब्रिटी जैसा व्यवहार करते हैं। लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्या हल करने में मुकम्मल तौर पर असफल साबित हुए हैं। संख्या ने कहा कि अनुराग केवल गांधी परिवार के खिलाफ आलोचना करने का बीड़ा उठाए हुए हैं। वह सोनिया, राहुल और प्रियंका के खिलाफ उनकी आलोचना करके पार्टी के अपने राष्ट्रीय नेताओं को खुश करते हैं और उसी के बदले उनका काम चल रहा है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार के समय केंद्रीय मंत्री का केंद्र से इस प्रदेश के विकास के लिए क्या योगदान रहा है। यह भी अनुराग ठाकुर को बताना चाहिए। इसके अलावा मौजूदा कांग्रेस सरकार के 15 माह के शासनकाल में केंद्र से ऐसा क्या प्रदेश-।वासियों को अनुराग दे पाए हैं जो उनके मंत्रालय से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने पूछा की ना ही तो उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और ना ही खेल विभाग से अपने संसदीय क्षेत्र और हिमाचल को कोई दशा दिशा देने का प्रयास किया हो। यहां के युवाओं को आईपीएल में खेलने का मौका मिला हो। वे मुकम्मल तौर पर असफल साबित हुए हैं। उन्होंने याद दिलाया की प्रसारण मंत्रालय के जरिए जो चीज वह कर सकते थे उसमें उन्होंने रुचि नहीं दिखाई कोविद कल में जिन मीडिया कर्मचारियों की मौत हुई उनके लिए अनुराग ने क्या किया यह भी बताना चाहिए मजीठिया वेज बोर्ड का मामला सूचना प्रसारण मंत्रालय में लंबित पड़ा हुआ है। उस पर कोई फैसला नहीं लिया जा रहा। उन्होंने कहा कि अनुराग यह भी बताएं कि कौन सी ठोस नीति मीडिया के लिए उन्होंने बनाई है।

## अमित शाह के निशाने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गाधी रहें, बोले

# अखिलेश भइया और राहुल बाबा सत्ता में आए तो राम मंदिर पर लगवा देंगे बाबरी ताला

**हरदोई, एजेंसी**




चौथे चरण के लिए मतदान के कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। जिसको लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार ताबड़तोड़ हरदोई, लखीमपुर खीरी और कन्नौज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह के निशाने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गाधी रहे। हरदोई के सीएसएन कॉलेज के ग्राउंड में गृहमंत्री शाह ने अपने भाषण की शुरुआत हरदोई में हुए दोनों अवतारों व प्रसिद्ध स्थलों और व्यक्तियों का जिक्र कर की। अमित शाह ने युवाओं से कहा कि आप सब मेरे जिगर के टुकड़े हो, और इस बार 73 नही 80 की 80 सीटें जिताकर भेजना। गृहमंत्री ने आगे कहा कि अगर धोखे से भी अखिलेश भईया या राहुल बाबा सत्ता में आ गए तो दोनों शहजादे मिलकर राम मंदिर पर बाबरी ताला लगवा देंगे। अखिलेश भईया, डिंपल भाभी, राहुल बाबा ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण इसलिए ठुकरा दिया, क्योंकि यह लोग अपनी तुष्टिकरण वाली नीति के चलते अपने वर्ग विशेष के वोटबैंक के छिटकने से डरते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के नेता राहुल बाबा को इसलिए पीएम बनते हुए देखना चाहते हैं, क्योंकि राहुल बाबा भारत में पाकिस्तान का एजेंडा चलाने का काम करते हैं। इंडी गठबंधन कोई गठबंधन नहीं बल्कि घमंडिया गठबंधन है। इसलिए अखिलेश भईया सरदार पटेल की मूर्ति की स्थापना कार्यक्रम में जिन्ना जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक ओर भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है और दूसरी ओर ईमानदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। एक ओर थाईलैंड में छुट्टियां मनाने वाले राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर सैनिकों के बीच जाकर उनका मनोबल बढ़ाने वाले पीएम मोदी हैं। एक ओर आलिया-मालिया जालिया हैं। तो वही दूसरी ओर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने वाले पीएम मोदी है। गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि मिश्रिख और हरदोई से दोनों रावत प्रत्याशियों को जिताकर उनके साथ 400 लड्डू भेजना ताकि चुनाव जीतकर आए भाजपा के 400 सांसदों का संडीला के लड्डुओं से मुंह मीठा करा सकूं।

## अखिलेश बोले-हार के डर से आकाश आनंद को हटाया

# मायावती का पलटवार, अपना चाल-चरित्र देखे सपा

**लखनऊ, एजेंसी**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मायावती द्वारा बसपा नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को सभी पदों से हटाए जाने पर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट कर टिप्पणी की है। अखिलेश की टिप्पणी के बाद मायावती ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट पर लिखा है कि' उन्होंने कहा कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है।

इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है। लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है'। अखिलेश यादव ने आगे लिखा है कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है। ऐसे में हम सभी वोटरों से अपील करते हैं कि आप अपना वोट खराब न करें और जो बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान को बचाने के लिए सामने से लड़ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के उन प्रत्याशियों को वोट देकर जिताएं और संविधान के संग आरक्षण भी बचाएं। अखिलेश यादव ने इसीलिए आग्रह किया है कि संविधान, आरक्षण और अपना मान सम्मान बचाना है तो अपना वोट सपा को दें या जहाँ इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हो वहाँ अपना मत डालकर संविधान और आरक्षण विरोधी भाजपा को हराएं। दलित विरोधी सपा कोई टिप्पणी न करें तो बेहतर हैः मायावती ने पोस्ट पर लिखा है 'बीएसपी संगठन में क्या कुछ चल रहा है। इस पर घोर दलित विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी और चिंता नहीं करे तो ही बेहतर है। इसके बदले समाजवादी पार्टी नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है इसकी केवल चिंता करनी चाहिए, क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है। सपा का चाल चरित्र और चेहरा हमेशा की तरह आज भी जबरदस्त दलित, अति पिछड़ा और संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों को विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना और इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना इनके ऐसे कार्य हैं जिसे माफ करना मुश्किल है। बीएसपी सरकार की तरफ से बहुजन समाज में जन्मे महान संतों गुरुओं और महापुरुषों के आदर, सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गए जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं।

### भाजपा ने 5 किलो राशन देकर जनता को गुमराह किया : प्रियंका

**रायबरेली, एजेंसी**



कांग्रेस की महासचिव इन दिनों अमेठी और रायबरेली में डेरा डाले हुए हैं। जहां एक तरफ अमेठी से उम्मीदवार केएल शर्मा को जीत दिलाने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रही हैं। इसी कड़ी में रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी व भाई राहुल गांधी के समर्थन में प्रियंका गाधी ने बुधवार को जोरदार प्रचार करते हुए कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। सबसे पहले प्रियंका गांधी ने थुलवासा पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आम जनता के लिए कुछ नहीं किया है। 5 किलो राशन देकर जनता को गुमराह करती आ रही है। भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है, लेकिन गरीबों का नहीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो कर्ज माफी के लिए एक स्थाई आयोग बनाया जाएगा। जिसमें किसानों का कर्ज.आसानी से माफ हो सकेगा। इस तरह ढेर सारी योजनाएं हैं, जिसको मैं कह नहीं रही हूं। जहां-जहां हमारी सरकारे हैं, वहां आप लोग पता कर सकते हैं कि आम जनता को कितनी सुविधाएं मिल रही है। कर्ज माफी, 200 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को फ्री बस सुविधा यह सब हमारी सरकारी दे रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने पर दो सौ रुपये सिलेंडर का दाम भाजपा कम तो कर दे रही है लेकिन उसके बाद क्या करेगी। जनता को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा आपसे हमारा रिश्ता बहुत पुराना है। ब्रिटिश काल में पंडित मोतीलाल नेहरू ने जवाहरलाल को आपके पास भेजा था। तब से हमारा आपका रिश्ता चल रहा है।

# अंबानी-अदाणी के घर क्यों नहीं पहुंचती ईडी-सीबीआई : संजय सिंह

**लखनऊ, एजेंसी**



अडानी और अंबानी पर दिए प्रधानमंत्री के बयान को लेकर आम आदमी पार्टी उन पर हमलावर हो गई है। आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री से ईडी और सीबीआई से तुरंत अडानी और अंबानी के खिलाफ जांच शुरू करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पार्टी को अंबानी और अडानी द्वारा टेंपो भर भर कर पैसे देने के बयान को लेकर घेरा है। सांसद संजय सिंह ने मांग की है कि ईडी और सीबीआई तत्काल प्रधानमंत्री का स्टेटमेंट दर्ज कर इन दोनों उद्योगपतियों के खिलाफ जांच शुरू करें। हम बीते 10 साल से लगातार प्रधानमंत्री और उनके पूंजीपति दोस्तों के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाते आए हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि आज जब प्रधानमंत्री को लगा कि उनकी सरकार सत्ता से बाहर जा रही है, तो उन्हें अंबानी और अडानी का भ्रष्टाचार याद आ रहा है। जबकि अपने इन्हीं दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्होंने देश की सारी संपत्ति उनके नाम कर दी है। आप सांसद संजय सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा कि पिछले 10 साल से मैं लगातार पूंजीपतियों के लूट का मुद्दा उठा रहा हूं। किस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दोस्तों के नाम देश की संपत्तियां करते जा रहे हैं। रेल हो, सेल हो, कोयला हो, बिजली हो पानी हो, सड़क हो, बीपीसीएल हो या हिंदुस्तान की सारी संस्थाओं बेचने का काम कर रहे है। अपने सबसे करीबी दोस्त अडानी के नाम पर उन्होंने सब कुछ नीलाम कर दिया। पोर्ट दिया, एयरपोर्ट दिया, कोयला दिया, गैस दिया, बिजली दिया, बड़ी-बड़ी खदानें दी ढाई लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया। मैंने संसद में उनके सामने नारा लगाया कि मोदी अडानी भाई-भाई देश बढ़ाई खाई, राफेल के बदले में याचिका दायर की कि किस तरह से अंबानी को ठेका दिया गया लेकिन, बावजूद उसके 10 साल तक प्रधानमंत्री खामोश रहे। अब जब उनकी विदाई का वक्त आ गया, तब उनको अडानी और अंबानी का भ्रष्टाचार याद आया है। 500 जिसके खाते में रहता है तो उसके घर पर तो ईडी पहुंच जाती है। जब इतनी बड़ी जानकारी आपको है, टेंपो नंबर आपको पता है तो आप अपनी वीडियो सीबीआई को क्यों नहीं भेज देते। मैं तो सीबीआई को कहूंगा कि खुद प्रधानमंत्री का स्टेटमेंट दर्ज करें और कार्रवाई करें अडानी अंबानी को और कहां और कैसे पर काला धन पहुंचा। मैं समझता हूं कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में हार की हताशा दिखने लगी है। जैसे कहावत है जब जहाज डूबने लगता है और चूहे सबसे पहले भागते हैं। आज उनके चूहे जिनके नाम इन्होंने देश की पूरी संपत्ति की लुटा दी वह अडानी और अंबानी भी इसी तरह भाग रहे हैं। शायद मन मुताबिक काला धन और रुपया जो इनको मिलना था नहीं मिला है, इसलिए प्रधानमंत्री ने इनका नाम लिया और जहां तक हम लोगों के मुद्दे उठाने का सवाल है, प्रधानमंत्री जी हमें मालूम नहीं आप स्मृति दोष के शिकार हैं या नहीं, मैंने अपनी हर सभा में आपके लूट और आपके भ्रष्टाचार को उजागर किया है। हर सभा में बताया कि आपने कैसे अडानी के नाम अपने दोस्तों के नाम इस देश की सारी संपत्ति दे दी। कैसे आपने बैंकों को लूट कर पैसे अपने पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ रुपया माफ किया। कैसे आपके दोस्त बैंकों का हजार को करोड़ रुपए लूटकर हिंदुस्तान छोड़कर भाग गए। उन पर तो कभी कोई कार्रवाई नहीं कि अब जब आपके जाने का वक्त हो रहा, तो आपको अडानी और अंबानी की याद आ रही है।

## न्यूज फ्लैश

### जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने 13% की वृद्धि दर्ज की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री के लिए वित्त वर्ष 24 काफी शानदार रहा है। वित्त वर्ष 24 में इंडस्ट्री ने 13% की वृद्धि दर्ज की। हालांकि इस दौरान एग्रीकल्चर इंश्योरेंस में गिरावट देखी गई जिसके कारण इंडस्ट्री के ओवरऑल ग्रोथ पर कुछ असर पड़ा। वित्त वर्ष 23 में इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने 16% से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की थी। हालांकि कुल इंडस्ट्री प्रीमियम 2.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया, जो पिछली अवधि में 2.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त वर्ष 25 में, इंडस्ट्री को स्वास्थ्य और मोटर बीमा क्षेत्रों के नेतृत्व में 15-17% की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। एमके ग्लोबल के वरिष्ठ शोध विश्लेषक अविनाश सिंह ने कहा कि इस वर्ष के लिए उद्योग में 15-16% की वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से स्वास्थ्य बीमा खंड द्वारा संचालित है। वहीं, मोटर बीमा में बड़े पैमाने पर भी वॉल्यूम-आधारित वृद्धि देखी जाएगी। इंश्योरेंस इंडस्ट्री के इस ग्रोथ में सबसे बड़ा हाथ निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं का रहा है, जिसमें 17.53% की वृद्धि देखी गई। वित्त वर्ष 24 में, सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने महज 9% की वृद्धि दिखाई। सार्वजनिक बीमाकर्ताओं में, ओरिएंटल इंश्योरेंस 17% की वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा, जबकि बजाज आलियांज 33.49% की वृद्धि के साथ निजी बीमाकर्ता में सबसे ऊपर रहा। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा में निवा बूपा और आदित्य बिड़ला स्वास्थ्य बीमा ने क्रमशः 37.68% और 36.23% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर दिखाता है। वहीं, लिस्टेड सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस ने वर्ष के दौरान 7.40% की वृद्धि की। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने वर्ष के दौरान 28.91% की वृद्धि की। न्यू इंडिया एश्योरेंस 13.42% से घटकर 12.78% बाजार हिस्सेदारी के साथ भी सबसे बड़ी बीमा कंपनी बनी रही। कुल मिलाकर सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों ने 32.27% से 31.18% तक बाजार हिस्सेदारी में मामूली गिरावट देखी, जबकि निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों ने 51.36% से 53.52% तक अपनी बाजार हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि देखी।

### भारत फोर्ज के स्टॉक में 13 फीसदी से अधिक की तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बुधवार कारोबारी सत्र भारत फोर्ज कंपनी के लिए जबरदस्त रहा है। कंपनी का स्टॉक 13 I33 फीसदी तेजी के साथ 1405 I15 रुपए के लेवल पर बंद हुआ। आज स्टॉक ने अपने 52 वीक के हाई लेवल 1474 रुपए को भी टच किया है। जिसमें कंपनी ने साल दर साल के आधार पर 78 फीसदी की बढ़त के साथ 227 करोड़ रुपए कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट रिपोर्ट किया है। जो एक साल पहले 127 I74 करोड़ रुपए रिपोर्ट हुआ था। फाइनेंशियल ईयर 2024 में कंपनी का टैक्स देने के बाद कुल नेट प्रॉफिट 910 करोड़ पर रिपोर्ट हुआ है जो कि फाइनेंशियल ईयर 2023 के मुकाबले 79 फीसद अधिक है। कंपनी के बोर्ड मेंबर ने 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए फाइनेंशियल ईयर के लिए 6 I50 रुपए प्रति इक्विटी डिविडेंड देने की घोषणा की है। मार्च क्वार्टर के दौरान कंपनी का साल दर साल के आधार पर कंसोलिडेटेड रेवेन्यू फ्रॉम ऑपरेशन 15 फीसदी से बढ़कर के 3629 करोड़ रुपए रिपोर्ट हुआ है। फाइनेंशियल ईयर 2024 में कुल रेवेन्यू 15682 करोड़ का रिपोर्ट हुआ है। चौथे क्वार्टर के दौरान कंपनी का कुल खर्च 3843 करोड़ पर रिपोर्ट हुआ है जो कि फाइनेंशियल ईयर 2023 के चौथे क्वार्टर में 3469 करोड़ का रिपोर्ट हुआ था। चौथे क्वार्टर के दौरान कंपनी का स्टैंडअलोन इबीटीड फिजी से बढ़कर के 654 करोड़ पर रिपोर्ट हुआ है।

### आज से खुल गया रु 1,551 करोड़ टीबीओ टेक का आइपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आज से टीबीओ टेक का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के खुल गया है। कंपनी, 0.43 मिलियन शेयरों के ताजा अंक और 12.5 मिलियन शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से, 1,150.81 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखी है। टीबीओ आइपीओ का आईपीओ 10 मई को बंद हो जाएगा। बता दें कि 2006 में स्थापित, टीबीओ टेक लिमिटेड, जिसे पहले टेक ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, एक यात्रा वितरण मंच के रूप में काम करता है। यह ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप यात्रा इन्वेंट्री सेवाओं की एक सप्लाई चेन करता है। कंपनी आईपीओ के माध्यम से 1551 करोड़ रुपये जुटाएगी।

### मांग घटने से देशी घी 150 रुपए प्रति टिन टूटा

**जयपुर, एजेंसी**

ऊंचे भावों पर उपभोक्ता मांग घटने से स्थानीय थोक बाजारों में ब्रांडेड देशी फिर टूट गया। एक सप्ताह के दौरान देशी घी की कीमतों में करीब 150 रुपए प्रति टिन की गिरावट दर्ज की गई। महान फूड्स लिमिटेड का महान देशी घी 8200 रुपए तथा गौरस घी 9525 रुपए प्रति 15 किलो टिन बेचा गया। कृष्णा घी के भाव 7665 रुपए प्रति टिन पर आ थमे। इस बीच झंडेवालाज फूड्स लिमिटेड ने चांदपोल बाजार स्थित दुकान नंबर 187 में नमन आउटलेट का हाल ही शुभारंभ किया। यहां पर कस्टमर्स को शुद्ध घी एवं अन्य उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। कंपनी के एमडी राकेश बी. कूलवाल ने कहा कि यह आउटलेट न केवल हमारे ग्राहकों को उनके भोजन में स्वाद और स्वास्थ्य का अनुभव कराएगा, बल्कि यह हमारी 125 साल पुरानी विरासत को भी आगे बढ़ाएगा। बता दें यह आउटलेट झंडेवालाज के प्रसिद्ध घी के विभिन्न प्रकारों को खरीदने का एक सुविधाजनक स्थान है। इसमें पारंपरिक रूप से दही से बना घी, मक्खन से बना घी और औषधीय गुणों से भरपूर स्पेशल घी भी शामिल है। इस आउटलेट में मसाले, ड्राई फ्रूट्स और अन्य खाद्य उत्पाद भी खरीदे जा सकेंगे। गौरतलब है कि झंडेवालाज फूड्स लिमिटेड 125 सालों से भी अधिक समय से राजस्थान में देशी घी उत्पादन में अग्रणी कंपनी है। कंपनी पारंपरिक विधियों और बेहतरीन सामग्री का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले घी का उत्पादन करने के लिए जानी जाती है।

# 70 फ्लाइट कैंसिल होने पर सरकार ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के 70 विमानों की उड़ान रद्द करने के मामले में सरकार ने कंपनी से रिपोर्ट तलब किया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में क्रू मेंबर के बीमार होने के बीच कंपनी की घरेलू उड़ानों को रद्द करने पर एअर इंडिया एक्सप्रेस से बुधवार को एक रिपोर्ट मांगी है। एयर इंडिया ने बड़ी संख्या में क्रू मेंबर के बीमार होने की सूचना देने के बाद मंगलवार रात से करीब 70 उड़ानों को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नागर विमानन मंत्रालय ने उड़ानों को रद्द करने के संबंध में एयर इंडिया एक्सप्रेस से एक रिपोर्ट मांगी है और उनसे मुद्दों को जल्द सुलझाने का निर्देश दिया है।




इसके साथ ही, एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों के अनुसार यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराने की भी सलाह दी गई है।

बताते चलें कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से अपनी 70 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया, क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में क्रू मेंबर्स ने बीमार होने की सूचना दी है। इसके बाद देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। केरल के कुछ हवाईअड्डों पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें रद्द होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने का निर्देश दिया और उससे उड़ानें रद्द होने पर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों ने बताया कि ऐसा समझा जा रहा है कि एयरलाइन के कथित कुप्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के तौर पर 200 से अधिक क्रू मेंबर्स ने बीमार होने की सूचना दी है। विमानकर्मियों की कमी की वजह से मंगलवार रात से अब तक 70 से अधिक उड़ान रद्द करनी पड़ी हैं और बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी हुई है। कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। इस बीच, एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी क्रू मेंबर्स के बीमार होने की सूचना देने के संबंध में कारणों का पता लगाने के लिए उनसे बातचीत कर रही है। कंपनी ने उड़ानें रद्द होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। एयर इंडिया एक्सप्रेस में एआईएक्स कनेक्ट (पूर्ववर्ती एयर एशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया चल रही है। पिछले कुछ समय से खासतौर पर विलय की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से इसके कुछ क्रू मेंबर्स में असंतोष व्याप्त है। कंपनी को मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू हुई ग्रीष्मकालीन अवधि में रोजाना 360 उड़ानों का परिचालन करना है।

### पशु पालकों की डिमांड से बिनौला खल 50 रुपए महंगी

**जयपुर, एजेंसी**

पशु पालकों की डिमांड निकलने से स्थानीय कैटलफीड मार्केट में बिनौला खल के भाव 50 रुपए उछल गए। जयपुर मंडी में बिनौला खल 3250 से 3500 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई। जानकारों का कहना है कि बिनौला खल का पुराना स्टॉक समाप्त होने के कारण इसकी आपूर्ति कम हो रही है, लिहाजा बिनौला खल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। बाजार में नई बिनौला खल अक्टूबर में आने की संभावना है। तब तक दामों में तेजी बने रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि देश में पशुधन के लिहाज से राजस्थान प्रमुख राज्य है। सत्य ट्रेडिंग कंपनी के दिनेश वैद ने बताया कि कमजोर लिवाली के चलते वर्तमान में अधिकांश पशु आहार जिंसों में कोई उल्लेखनीय उतार चढ़ाव नहीं है। थोक मंडियों में फिलहाल लाल तिल डली 5500 रुपए तथा लाल तिल पपड़ी के भाव 3600 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास स्थिर चल रहे हैं। उधर पश्चिम बंगाल में नई लाल तिल्ली जून के पहले सप्ताह में आने की संभावना है।

## एचडीएफसी बैंक ने एफडी पर ब्याज दर 0.25 बीपीएस बढ़ाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

एचडीएफसी बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशि के लिए निश्चित अवधि पर सावधि जमा ब्याज दरों में 25 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एफडी दरें 9 फरवरी, 2024 से प्रभावी हैं। बैंक 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि पर 3.5% से 7.75% के बीच ब्याज दरें प्रदान करता है। बैंक ने 18 महीने से 21 महीने से कम की अवधि पर 7% से बढ़ाकर 7.25% कर दिया है। एक वर्ष और 15 महीने से कम के बीच मैच्योर होने वाली सावधि जमा पर वर्तमान में 6.60% ब्याज दर मिलती है, जबकि 15 महीने से 18 महीने से कम के बीच मैच्योर होने वाली एफडी पर 7.10% ब्याज दर मिलती है। बैंक ने 18 महीने से 21 महीने से कम अवधि पर एफडी ब्याज दर 25 बीपीएस बढ़ाकर 7% से 7.25% कर दी है। एचडीएफसी बैंक अब 21 महीने से लेकर दो साल और ग्यारह महीने से कम की मैच्योर वाली जमा राशि पर 7% ब्याज दर की पेशकश करेगा. 35 और 55 महीने की अवधि को छोड़कर, जब यह



क्रमशः 7.15% और 7.20% की पेशकश करता है, तो बैंक शेष अवधि पर 7% का भुगतान करेगा। एचडीएफसी बैंक वरिष्ठ नागरिक एफडी ब्याज दरें बैंक 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि पर 3.5% से 7.75% के बीच ब्याज दरें प्रदान करता है। 8 महीने से 21 महीने से कम की अवधि पर 7.75% की उच्चतम ब्याज दर की पेशकश की जाती है। एचडीएफसी बैंक ने अपनी थोक जमा ब्याज दर को फिर से संशोधित किया है, इस बार उसने 18 महीने से 21 महीने से कम अवधि पर एफडी ब्याज दर 20 बीपीएस बढ़ाकर 7.05 से 7.25% कर दी है।

## इपीएफओं ने संयुक्त घोषणा फॉर्म जमा करने से दी सदस्यों को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने एक परिपत्र जारी किया है जिसमें कुछ खास इपीएफ खाताधारकों को संयुक्त घोषणा फॉर्म जमा करने से राहत दी गई है। यह फॉर्म आमतौर पर तब आवश्यक होता है जब मौजूदा वैधानिक वेतन सीमा 15,000 रुपये प्रति माह से अधिक मूल वेतन पर इपीएफ खाते में योगदान दिया जाता है। यह राहत इपीएफ सदस्यों की कुछ श्रेणियों पर लागू होती है। 1 नवंबर, 2023 से पहले जिन सदस्यों ने नौकरी छोड़ दी या जिनकी मृत्यु हो गई, उन्हें संयुक्त घोषणा फॉर्म जमा करने की आवश्यकता नहीं है, अगर उन्होंने वैधानिक सीमा से अधिक योगदान दिया था, लेकिन उस तारीख से पहले नौकरी छोड़ दी या उनकी मृत्यु हो गई। मौजूदा सदस्य जो पहले से ही वैधानिक सीमा से अधिक वेतन पर योगदान दे रहे हैं और उनके नियोक्ता उच्च योगदान पर प्रशासनिक शुल्क का भुगतान कर रहे हैं, उन्हें भी




संयुक्त घोषणा फॉर्म तुरंत दाखिल करने से छूट दी गई है। इपीएफओ ने सभी इपीएफ सदस्यों के लिए संयुक्त घोषणा फॉर्म के लिए एक नया प्रारूप पेश किया है। वैधानिक सीमा से अधिक मूल वेतन के साथ पहली बार इपीएफ योजना में शामिल होने पर फॉर्म जमा करना होगा। मौजूदा इपीएफ सदस्यों को नौकरी बदलने पर फॉर्म जमा करना होगा यदि उनका मूल वेतन वैधानिक सीमा से अधिक है। इसके अलावा, हर बार जब कोई मौजूदा इपीएफ सदस्य वैधानिक सीमा से अधिक मूल वेतन के साथ नौकरी बदलता है तो फॉर्म जमा करना होगा। इपीएफ योजना नियमों के तहत, 15,000 रुपये से अधिक मासिक मूल वेतन वाले कर्मचारी स्वतः ही इपीएफ योजना में शामिल होने के पात्र हैं। यदि शामिल होने के समय मासिक मूल वेतन 15,000 रुपये से अधिक है, तो नियोक्ता और कर्मचारी को संयुक्त रूप से घोषणा फॉर्म जमा करना होगा। इपीएफ योजना नियमों में अगस्त 2014 में संशोधन किया गया था, जिसमें वैधानिक वेतन सीमा को 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया था। 1 सितंबर, 2014 से, एक इपीएफ सदस्य एढर में शामिल होने के लिए पात्र है यदि उसका मासिक मूल वेतन भविष्य निधि योजना में शामिल होने के समय वैधानिक वेतन सीमा से अधिक नहीं है। इपीएफ योजना में, नियोक्ता और कर्मचारी दोनों अपने मूल वेतन का 12% इपीएफ खाते में योगदान करते हैं। इपीएफ खाते में नियोक्ता का योगदान योगदान के चरण में कर योग्य नहीं है, लेकिन इसके लिए धारा 80उ के तहत कोई कटौती उपलब्ध नहीं है।

## सेंसेक्स में मामूली कमजोरी तो निफ्टी फ्लैट बंद हीरो मोटो के शेयर उछले, एशियन पेंट्स गिरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चालू के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार के कामकाज की समाप्ति कमजोरी के साथ हुई है। बीएसई सेंसेक्स 45 अंक गिरकर 73466 अंक के लेवल पर बंद हुआ है जबकि नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स बिना किसी बदलाव के 22302 अंक के लेवल पर बंद हुआ है। बुधवार को निफ्टी ने 22368 अंक का उच्च स्तर और 22185 अंक का निचला स्तर देखा। शेयर बाजार के कामकाज में निफ्टी मिडकैप 100 और बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स में तेजी दर्ज की गई जबकि निफ्टी आईटी और निफ़्टी बैंक गिरकर बंद हुए हैं। दिन भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार : बुधवार को शेयर बाजार के कामकाज में काफी उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। सुबह



कमजोरी से कामकाज की शुरूआत करने के बाद शेयर बाजार में दिन में हरे निशान में काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन एक बार फिर वह लाल निशान में पहुंच गया। हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। नतीजे जारी करने के बाद हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में बंपर तेजी देखी गई है। शेयर बाजार के निवेशकों को छोटी और लंबी अवधि में मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनियों की बात करें तो भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन, ओएनजीसी, बीएसई लिमिटेड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर तेजी पर बंद हुए हैं जबकि टीसीएस, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर कमजोरी पर बंद हुए हैं। शेयर बाजार में लिस्टेड गौतम अडानी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में से चार के शेयर बुधवार को लाल निशान में बंद हुए हैं जबकि 6 शेयरों में तेजी दर्ज की गई है। अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर करीब चार फीसदी की तेजी पर बंद हुए हैं जबकि अडानी पोर्ट्स के शेयर में एक फीसदी की कमजोरी दर्ज की गई है।

### शेयर बाजार में साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज की धमाकेदार एंट्री

## लिस्टिंग के साथ निवेशकों के पैसे हुए डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट बनाने वाली अहमदाबाद की कंपनी साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज लिमिटेड के शेयर आड स्टॉक मार्केट में जबरदस्त लिस्ट हुए। इरए प्लेटफॉर्म पर शेयर अपने आईपीओ प्राइस बैंड से 90 फीसदी के प्रीमियम पर लिस्ट हुआ है। लिस्टिंग के बाद शेयरों में अपर सर्किट लग गया। बता दें कि साई स्वामी मेटल्स का शेयर मूल्य 60 रुपये के निर्गम मूल्य से 90 फीसदी प्रीमियम पर अधिक 114 रुपये पर लिस्ट हुआ। कंपनी का आईपीओ 30 अप्रैल को खुला और 3 मई को बंद हुआ। इसमें 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 60 रुपये का मूल्य बैंड था और लॉट साइज में 2,000 शेयर शामिल थे। साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज अलग-अलग प्रकार के स्टेनलेस स्टील प्रोड्कट का बिजनेस और मार्केटिंग करता है जिसमें बरतन के सामान, डिनर सेट, स्टेनलेस स्टील शीट, स्टेनलेस स्टील सर्कल, कैस रोल, मल्टीकडाई और विभिन्न बर्तनों के साथ-साथ स्टेनलेस स्टील शीट, कॉइल जैसे बुनियादी कच्चे माल शामिल हैं। लगभग 15 करोड़ रुपये साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज आईपीओ में 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 25,00,000 इक्विटी शेयरों का ताजा अंक शामिल है। बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव घटक नहीं है। नए निर्गम की आय मशीनरी खरीद, सामान्य व्यावसायिक उद्देश्यों, सहायक कंपनी निवेश और अतिरिक्त कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति पर लागू की जाएगी।

## अंपायर्स से बहस करना पड़ा संजू सैमसन को महंगा, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को अंपायर्स से बहस करना महंगा पड़ गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए बीसीसीआई ने उन पर मोटा जुर्माना ठोका है। सैमसन को अपनी मैच फीस का 30 प्रतिशत हिस्सा जुर्माने के तौर पर बोर्ड को देना होगा। दरअसल, जब दिल्ली के गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर संजू सैमसन ने जोरदार शॉट मारा तो बाउंड्री पर तैनात शाई होप ने उनका कैच लपक लिया।




इस दौरान उन्हें खुद को बाउंड्री छूने से बचाते देखा गया। इस करीबी मामले के बावजूद अंपायर ने बिना समय गवाएं आउट दे दिया। संजू भी डगआउट की तरफ जाने लगे। इस दौरान रीप्ले में उनके कैच आउट का वीडियो चला जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अंपायर से बात करने के लिए पहुंचे। इस मैच में राजस्थान के कप्तान 46 गेंदों में आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 86 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए। इस विवाद पर अब नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, जब बदला है खेल, वो था संजू सैमसन का फैसला, संजू सैमसन के आउट होने का फैसला, अब कोई कुछ भी कहे, अलग-अलग ओपिनियन हो सकती है इस पर, लेकिन जब आप साइड ऑन देखेंगे, तो दो बार पैर बाउंड्री लाइन पर लगता है, और वो बहुत क्लियर है। और मैं बहुत साफ हूं, या तो आप टेक्नॉलजी को इस्तेमाल मत कीजिए, और अगर आप टेक्नॉलजी इस्तेमाल करते हैं और टेक्नॉलाजी गलत होती है, तो ये ऐसे ही है जैसे आप दूध में मक्खी देखकर निगल जाएं। ये ऐसे ही है जैसे दूध में मक्खी पड़ी है और आपसे कोई कहे, इसे पियो, आप नहीं पियोगे ना, ये ऐसे ही है। दो बार पैर लगता है, और इसके बाद कोई अगर कहे ये नॉट आउट है।

## माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को



हुआ था। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

वर्ष -60, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/ 00780 **अखबार के स्वामी :** के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा. लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित
**संपादक** - अशोक पांडेय*, फोन - 033-48032897, मेल - sutrakar.news @gmail.com